3

साझेदार का अवकाश ग्रहण (निवृत्ति) व मृत्यु पर लेखे
(Accounting for Retirement and Death of Partner)

अध्ययन उद्देश्य (Learning Objectives)

इस अध्याय के अध्ययन करने के पश्चात् आप यह समझने योग्य हो जाते हैं:–

- साझेदार के अवकाश ग्रहण का अर्थ व विधियाँ
- किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु पर नये लाभ विभाजन अनुपात व फायदे(लाभ प्राप्ति) का अनुपात ज्ञात करना।
- त्याग अनुपात व फायदे के अनुपात में अन्तर ज्ञात करना
- किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु पर ख्याति संबंधी लेखा व्यवहार
- किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु पर सम्पतियों का पुनर्मूल्यांकन व दायित्वों के पुनः निर्धारण पर पुनर्मूल्याकन खाता बनाना
- किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु पर संचित लाभों–हानियों व संचयों का लेखा व्यवहार
- किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण पर संयुक्त व पृथक जीवन बीमा पत्र का लेखा व्यवहार
- किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु पर देय राशि का निर्धारण व भुगतान
- किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु पर पूँजी का समायोजन
- मृत साझेदार के प्रतिनिधि का खाता तैयार करना
- यदि साझेदार की निवृति व प्रवेश साथ–2 हो तो लेखांकन व्यवहार
- किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु पर देय राशि का निस्तारण न करने पर धारा 37 के प्रावधान

जब कोई साझेदार स्वेच्छा से, वृद्धावस्था, अस्वथता, पारस्परिक मतभेद, आपसी सहमति अथवा अन्य किसी भी कारण से फर्म से अलग हो जाता हैं तो उसे साझेदार का अवकाश करना कहते हैं। अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को बाहर जाने वाला साझेदार(out-going partner) भी कहते हैं। भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 की धारी 32(1) के अनुसार निम्न दशाओं में साझेदार अवकाश ग्रहण कर सकता हैं–

(i) समस्त साझेदारों की सहमति से, **(ii)** साझेदारों के मध्य हुऐ स्पष्ट ठहराव के अनुसार, **(iii)** यदि साझेदारी ऐच्छिक हैं तो शेष सभी साझेदारों को अपने अवकाश ग्रहण की सूचना देकर।

साझेदार के अवकाश ग्रहण पर आने वाली लेखांकन समस्याएं(Accounting problems arising at the time of Retirement of a Partner):

1. नया लाभ हानि अनुपात तथा फायदे का अनुपात ज्ञात करना, **2.** ख्याति का समायोजन, **3.** सम्पतियों व दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन, **4.** संचित लाभों अथवा हानियों का विभाजन, **5.** संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी का समायोजन, **6.** अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय राशि का निर्धारण, **7.** अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के उत्तराधिकारी को देय राशि का भुगतान, **8.** पूँजी का समायोजन

नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात करना
(Calculation of New Profit Sharing Ratio)

साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर शेष साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन होता हैं, अतः नये लाभ विभाजन अनुपात की गणना आवश्यक हो जाती हैं। नया लाभ विभाजन अनुपात वह अनुपात हैं जिसमें शेष साझेदार

भविष्य में होने वाले लाभ का विभाजन करेंगे। इसकी गणना निम्न सूत्र से करेगें एवं अग्र–लिखित उदाहरणों से समझेंगें।

New Profit Sharing Ratio(NPSR) = Old Profit Sharing Ratio(OPSR) + Gaining Ratio(GR);
Gaining Ratio(GR) = New Profit Sharing Ratio(NPSR) - Old Profit Sharing Ratio(OPSR)

I. जब प्रश्न में शेष साझेदारों का नया अनुपात नहीं दिया गया हो ऐसी स्थिति में यह मान लिया जाऐगा कि शेष साझेदार अपने पुराने अनुपात में ही लाभ विभाजन करेंगे अर्थात् पुराना अनुपात ही नया अनुपात बन जायेगा।

(i) A, B व C एक फर्म में साझेदार हैं जो 3:2:1 में लाभ विभाजन करते हैं। नये लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें, यदि **i.** A अवकाश ग्रहण करता हैं तो नया अनुपात 2:1 होगा। **ii.** B अवकाश ग्रहण करता हैं तो नया अनुपात 3:1 होगा। **iii.** C अवकाश ग्रहण करता हैं तो नया अनुपात 3:2 होगा।

Note: अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के हिस्से को हटाकर शेष साझेदारों का अनुपात ही नया लाभ विभाजन अनुपात कहलाता हैं।

II. जब एक साझेदार अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार का सम्पूर्ण हिस्सा क्रय कर लेता हैं: ऐसी स्थिति में हिस्सा क्रय करने वाले साझेदार के लाभ विभाजन अनुपात में वृद्धि होगी व अन्य साझेदारों के अनुपात में कोई परिवर्तन नहीं होता हैं।

उदाहरण: A, B व C एक फर्म में साझेदार हैं और 2:2:1 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हैं। C फर्म से अवकाश ग्रहण करता हैं। C का पूरा हिस्सा A क्रय करता हैं तो नया लाभ–विभाजन अनुपात होगा।

NPSR = OPSR + GR or A का नया अनुपात $\frac{2}{5}+\frac{1}{5}=\frac{3}{5}$; A व B का नया अनुपात $\frac{3}{5}:\frac{2}{5}=3:2$

III. जब शेष साझेदार ग्रहण करने वाले साझेदार के हिस्सें को किसी विशेष अनुपात में खरीदते हैं:–

ऐसी स्थिति में शेष साझेदारों के पुराने अनुपात में उनके द्वारा अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के क्रय किये गये हिस्से को जोड़ दिया जाता हैं, जैसेः

(i) A, B व C 5:4 के अनुपात में लाभ बांटते हुए साझेदार हैं B ने अवकाश ग्रहण किया। B के हिस्से को A व C ने बराबर–बराबर अनुपात में लिया हैं तो नया लाभ–विभाजन अनुपात होगा।

B का हिस्सा $\frac{4}{12}$, A का लाभ $\frac{4}{12}\times\frac{1}{2}=\frac{2}{12}$, C का लाभ $\frac{4}{12}\times\frac{1}{2}=\frac{2}{12}$

NPSR= OPSR + GR; A का नया अनुपात $=\frac{5}{12}+\frac{2}{12}=\frac{7}{12}$, C का नया अनुपात $=\frac{3}{12}+\frac{2}{2}=\frac{5}{12}$, or 7:5

(ii) A, B व C 5:3:2 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं C अवकाश ग्रहण करता हैं। C का हिस्सा A व B 2:1 के अनुपात में क्रय कर लेते हैं। नया लाभ विभाजन अनुपात होगा।

C का हिस्सा $\frac{2}{10}$; A के फायदे का हिस्सा $\frac{2}{10}\times\frac{2}{3}=\frac{4}{30}$; B के फायदे का हिस्सा $\frac{2}{10}\times\frac{1}{3}=\frac{2}{30}$

NPSR= OPSR + GR; A का नया अनुपात $=\frac{5}{10}+\frac{4}{30}=\frac{9}{30}$, B का नया अनुपात $=\frac{3}{10}+\frac{2}{30}=\frac{11}{30}$,or 19:11

लाभ प्राप्ति अनुपात/अधिलाभ अनुपात/ फायदे का अनुपात (Gaining Ratio)

वह अनुपात जिसमें शेष साझेदार अवकाश ग्रहण करने वाले या मृत साझेदार के भाग को प्राप्त करते हैं उसे फायदे अनुपात कहते हैं। इस अनुपात की गणना का उद्देश्य अवकाश ग्रहण करने वाले या मृत साझेदार को देय ख्याति की राशि इसी अनुपात में शेष साझेदारों से वसूल की जाती हैं।

(i) जब नया लाभ विभाजन अनुपात दिया गया हो: उदाहरण: (i) A, B व C एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं, B अवकाश ग्रहण करता हैं। नया लाभ विभाजन अनुपात 5:4 हैं तो फायदे का अनुपात होगा।

फायदे का अनुपात (G.R.) = NPSR – OPSR; A $=\frac{5}{9}-\frac{1}{3}=\frac{2}{9}$, B $=\frac{4}{9}-\frac{1}{3}=\frac{1}{9}$, or 2:1

(ii) जब प्रश्न में नया अनुपात न दिया गया हो– इस दशा में यह मान लिया जाता हैं कि शेष साझेदार अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के लाभों को अपने पुराने अनुपात में ही प्राप्त किया हैं। इस प्रकार पुराना अनुपात ही फायदे का अनुपात होगा।

(iii) A, B व C एक फर्म में साझेदार हैं, जो 5 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हैं। निम्न में से प्रत्येक दशा में फायदे का अनुपात होगा। जबकि– **(a)** A अवकाश ग्रहण करता हैं तब 4 : 1 **(b)** B अवकाश ग्रहण करता हैं तब 5 : 1 **(c)** C अवकाश ग्रहण करता हैं तो तब 5 : 4

त्याग अनुपात व फायदे (लाभ प्राप्ति) के अनुपात में अन्तर

अन्तर का आधार	त्याग अनुपात	फायदे का अनुपात
1. अर्थ	इसमें पुराने साझेदार अपने लाभ का हिस्सा नये साझेदार के पक्ष में त्याग करते हैं।	इसमें शेष साझेदार अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार या मृत साझेदार के लाभ के भाग को प्राप्त करते हैं।
2. गणना का समय	नये साझेदार के प्रवेश पर	किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु पर
3. गणना का सूत्र	पुराना लाभ विभाजन अनुपात– नया लाभ विभाजन अनुपात	नया लाभ विभाजन अनुपात – पुराना लाभ विभाजन अनुपात
4. गणना का उद्धेश्य	नये साझेदार के हिस्से की ख्याति की राशि को त्याग अनुपात में पुराने साझेदारों में बाँटा जाता हैं।	अवकाश ग्रहण करने वाले या मृतक साझेदार की ख्याति के हिस्से को शेष साझेदार फायदे के अनुपात में बाँटते हैं।
5. प्रभाव	यह पुराने साझेदारों के लाभ के हिस्से में कमी का प्रतीक हैं।	यह शेष साझेदारों के लाभ के हिस्से में वृद्धि का प्रतीक हैं।

ख्याति का लेखांकन व्यवहार
(Accounting Treatment of Goodwill)

लेखा मानक 26/New Indian Accounting Standard 38 के अनुसार केवल क्रय की गयी ख्याति को ही पुस्तकों में दिखाया जा सकता हैं अर्थात जिसके लिए नकद प्रतिफल चुकाया गया हो इस प्रकार स्वअर्जित ख्याति का लेखा नहीं होता हैं। अतः किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर /मृत्यु के समय ख्याति का समायोजन पूँजी खातों के माध्यम से किया जायेगा। ख्याति खाता पुस्तकों में नही खोला जा सकता। इस सम्बन्ध में लेखांकन प्रविष्टियां होगी :

1. यदि चिट्ठे में ख्याति खाता विद्यमान हो तो उसे अपलिखित करने पर

All Partner's Capital A/c	Dr.	
To Goodwill A/c		

(Being existing goodwill written off in OPSR)

2. अवकाश ग्रहण/मृत साझेदार के हिस्से से ख्याति का लेखा

Remaining Partner's Capital A/c	Dr.	
To Retiring / Deceased Partner's Capital A/c		

(Being Retiring/Deceased Partner's share of goodwill adjusted in GR)

विभिन्न उदाहरणों से ख्याति का लेखांकन व्यवहार हम भलीभांति समझ समझ सकेंगे :

उदाहरण 1 : **(i)** A, B व C एक फर्म में साझेदार हैं C के अवकाश ग्रहण करने पर फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 60,000 निश्चित किया गया। A व B भविष्य में लाभ 3 : 2 के अनुपात में बाँटेंगे। पुस्तकों में ख्याति ₹ 36,000 दिखाया हुआ हैं, ख्याति के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिये।

Gain Ratio = NPSR – OPSR; A = $\frac{3}{5}-\frac{1}{3}=\frac{9-5}{15}=\frac{4}{15}$; B = $\frac{2}{5}-\frac{1}{3}=\frac{6-5}{15}=\frac{1}{15}$; or 4:1

A's Capital A/c	Dr.	16,000	
B's Capital A/c	Dr.	4,000	
To C's Capital A/c			20,000
(Being retiring Patner's share of goodwill adjusted to remaining partner's in their gaining ratio)			
A's Capital A/c	Dr.	12,000	
B's Capital A/c	Dr.	12,000	
C's Capital A/c	Dr.	12,000	
To Goodwill A/c			36,000
(Being existing goodwill written off)			

(ii) A, B व C लाभों को 3 : 4 : 3 के अनुपात में बाँटते हुए साझेदार हैं। C के अवकाश ग्रहण करने पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 60,000 पर निश्चित किया गया। नया लाभ विभाजन अनुपात 3 : 7 हैं। ख्याति के सम्बन्ध में आवश्यक प्रविष्टि दीजिए।

फायदे का अनुपात (G.R.) = NPSR – OPSR; A = $\frac{3}{10} - \frac{3}{10}$ = Nil(0) ; B = $\frac{7}{10} - \frac{4}{10} = \frac{3}{10}$

B's Capital A/c	Dr.	18,000	
To C's Capital A/c			18,000
(Being C's Share of goodwill ₹ 18,000 adjusted with gaining partner B)			

(iii) किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण/मृत्यु की दशा में बचे हुए साझेदारों में से कोई लाभ में अपने भाग का कुछ अंश त्याग करता हैं तो अवकाश ग्रहण/मृत साझेदार के पूँजी खाते के साथ उसके खाते को भी क्रेडिट किया जायेगा।

(Gaining) Remaining partner's Capital A/c	Dr.	(लाभ प्राप्त करने के हिस्से की ख्याति)
To Retiring Partner's Capital A/c		(अवकाश ग्रहण करने वाले के हिस्से की ख्याति)
To Sacrificing Partner's Capital A/c		(त्याग करने वाले के हिस्से की ख्याति)
(Being adjustment for goodwill made)		

उदाहरण 2 : A, B व C एक फर्म में 3 : 2: 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। C ने अवकाश ग्रहण किया। A व B के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात 1 : 2 हैं। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 60,000 पर किया गया। ख्याति के लिए आवश्यक प्रविष्टि दीजिये।

फायदे का अनुपात (G.R.) = NPSR – OPSR(त्याग); A = $\frac{1}{3} - \frac{3}{6} = -\frac{1}{6}$; B = $\frac{2}{3} - \frac{2}{6} = \frac{2}{6}$(Gain)

यहां पर वर्तमान साझेदार B को फायदा हुआ हैं, उसके लिए उसे A व C दोनों को ख्याति में हिस्सा देना होगा। B देगा = $60,000 \times \frac{2}{6}$ = ₹ 20,000 तथा A व C का पूँजी खाता उनके त्याग अनुपात में अर्थात A = $60,000 \times \frac{1}{6}$ = ₹ 10,000, व C = $60,000 \times \frac{1}{6}$ = ₹ 10,000 से क्रेडिट होगा–

B's Capital A/c	Dr.	20,000	
To C's Capital A/c			10,000
To A's Capital A/c			10,000
(Being A & C compensated for goodwill)			

(iv) गुप्त ख्याति का लेखाः जब फर्म से अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को उसकी वास्तविक देय राशि(सभी समायोजनों के पश्चात् देय राशि) से अधिक भुगतान किया जाता हैं तो इस आधिक्य राशि को ख्याति में उसका भाग माना जाता हैं। जैसेः A, B व C साझेदार हैं। B अवकाश ग्रहण करता हैं। B के पूँजी खाते का शेष सभी समायोजनों के बाद ₹ 50,000 हैं तथा A व C उसको पूर्ण भुगतान में ₹ 60,000 चुकाने का निर्णय करते हैं, तो 60,000 – 50,000 = ₹10,000, B को ख्याति का भुगतान माना जायेगा। ख्याति की यह राशि A व C के फायदे के अनुपात में उनके पूँजी खाते में क्रेड़िट की जायेगी।

उदाहरण 3 : A, B व C एक फर्म में लाभों को 3 : 2 : 3 के अनुपात में बाँटते हुए साझेदार हैं। C अवकाश ग्रहण करता हैं। C के पूँजी खाते का शेष सभी समायोजनों के बाद ₹ 1,20,000 हैं और A व B ने उसे पूर्ण भुगतान में ₹ 1,50,000 देने का निर्णय किया हैं। ख्याति के व्यवहार के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टि कीजिए।

गुप्त ख्याति(Hidden Goodwill) =1,50,000 – 1,20,000 = ₹ 30,000

A's Capital A/c	Dr.	18,000	
B's Capital A/c	Dr.	12,000	
To C's Capital A/c			30,000
(Being C's Share of goodwill adjusted in gaining Ratio 3:2)			

सम्पतियों का पुनर्मूल्यांकन व दायित्वों का पुनः निर्धारण
(Revalution of Assets & Reassessment of Liabilities)

I. जबकि सम्पतियां पुनर्मूल्यांकन मूल्य पर पुस्तकों में दिखानी हों:

इस दशा में गणना, प्रविष्टियां व पुनर्मूल्यांकन खाता ठीक उसी प्रकार बनाया जायेगा जैसा कि नये साझेदार के प्रवेश पर बनाया जाता हैं। पुनर्मूल्यांकन पर लाभ–हानि को सभी साझेदारों(अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार सहित) में उनके पुराने लाभ विभाजन अनुपात में बांटा जायेगा। इसकी प्रविष्टि होगीः

लाभ होने पर– Revaluation A/c Dr.
To All Partner's Capital A/c(OPSR)
(Being distribution of profits on revaluation)

हानि होने पर– All Partner's Capital A/c Dr.(OPSR)
To Revaluation A/c)
(Being distribution of loss on revaluation)

II- जब **पुनर्मूल्यांकित मूल्य पुस्तकों में नहीं दिखाया जाता हैं:** अर्थात् सम्पतियों व दायित्वों को पुराने मूल्य पर ही दिखाना हो तो इस विधि को स्मरणार्थ पुनर्मूल्यांकन विधि भी कहते हैं। प्रथम भाग पुनर्मूल्यांकन खाते की भांति ही बनता हैं। इससे प्राप्त लाभ/हानि को द्वितीय भाग में पुराने साझेदारों में उनके पुराने अनुपात में बाँटने की प्रविष्टि कर उसी राशि की विपरीत प्रविष्टि शेष साझेदारों में यह राशि नये अनुपात में बाँटने के लिए कर द्वितीय भाग को बंद कर देते हैं। प्रथम भाग के लिए कोई प्रविष्टि नहीं बनायी जाती हैं। द्वितीय भाग के लिए प्रविष्टि होगीः

1. पुनर्मूल्यांकन पर लाभ का विभाजन द्वितीय भाग में करने परः
   Memorandum Revaluation A/c Dr. (in OPSR)
   To Old Partners Capital A/c
   (Profit transferred to Capital A/c)

नोटः हानि की दशा में विपरीत प्रविष्टि करेंगे।

2. उक्त लाभ के लिये विपरीत प्रविष्टि करने पर–
   Remaining Partner's Capital A/c Dr.(in NPSR)
   To Memorandum Revaluation A/c
   (Adjustment made for such profit)

नोटः हानि की दशा में विपरीत प्रविष्टि होगी। उपरोक्त सम्पूर्ण प्रक्रिया विस्तृत रूप से साझेदार का प्रवेश अध्याय में समझाई हुई हैं, यहां संक्षिप्त में दिया गया हैं।

संचित लाभों अथवा हानियों का समायोजन
(Adjustment of Accumulated Profits/Losses)

यदि किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण करने अथवा मृत्यु हो जाने पर फर्म के चिट्ठे में संचय, संचित लाभ व संचित हानियों का बंटवारा सभी साझेदारों में(अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार/मृत साझेदार सहित) उनके पुराने अनुपात में किया जाता हैं। संचय व अवितरित लाभों के संबंध में निम्न प्रविष्टि होगीः

General Reserve A/c	Dr.
P&L A/c	Dr.
Investment Fluctuation Reserve A/c	Dr. (विनियोग के मूल्य में कमी को घटाकर यदि कोई हो)
Workmen Compensation Reserve A/c	Dr. (दायित्व घटाने के बाद यदि कोई शेष हैं तो)

To All Partner's Capital A/c (OPSR)
(Being reserves & accumulated profits transferred to Partner's Capital A/c in OPSR)

अवितरित हानियों के लिए प्रविष्टि करेंगेः

All Partner's Capital A/c Dr.
To Profit and Loss A/c
To Advertisement Exp. A/c (Deferred Revenue Expenditure A/c)
(Losses distributed)

Note: Employees Provident Fund फर्म के लिए दायित्व हैं अतः इसका वितरण साझेदारों में नहीं किया जायेगा।

अब उपरोक्त समस्याओं को सम्मिलित करते हुए अवकाश ग्रहण पर लेखांकन प्रक्रिया निम्नांकित उदाहरणों से समझेंगे:

उदाहरण 4 : X,Y and Z are partners sharing profits in ratio 2:2:1. Z decided to retire from the firm on 31st March, 2017. Their balance sheet stood as under:

X, Y व Z एक फर्म में साझेदार हैं जो 2:2:1 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हैं। उनका 31–3–17 का स्थिति विवरण निम्नानुसार हैं। Z उपरोक्त तिथि को अवकाश ग्रहण करता हैं।

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors		30,000	Cash at Bank	36,500
Workmen Compensation Reserve		10,000	Debtors	51,500
Bills Payble		20,000	Investment	10,000
Provision for Doubtful Debts		1,000	Stock	40,000
Profit & Loss		8,000	Freehold Property	72,000
Bank Loan		6,000	Plant & Mechinery	50,000
Employee's Provident Fund		5,000	Furniture	20,000
General Reserve		10,000	Patent	6,000
Capitals:			Advertisement Expenses	5,000
X	80,000		Goodwill	9,000
Y	80,000			
Z	50,000	2,10,000		
		3,00,000		**3,00,000**

Other conditions at the time of retirement are as under:

(i) Goodwill of the firm be fixed at ₹ 1,00,000 **(ii)** Unrecorded Assets ₹ 5,000 **(iii)** Investment valued at ₹ 15,000 and taken by Z. **(iv)** Provision of ₹3,500 be made in respect of outstanding legal charges. **(v)** Freehold property appreciated by ₹ 8,000. **(vi)** Plant & Machinery overvalued by ₹ 10,000. **(vii)** Furniture reduced to ₹ 17,000. **(viii)** O/s salary ₹ 2,000. **(ix)** Patent reduced by ₹ 1,000. **(x)** Bad debts reserve is to be increased to ₹ 1,500 and provision for discount be created at 2%. **(xi)** Prepaid Insurance ₹ 1,000. **(xii)** Bank Loan would be paid off. **(xiii)** A liability of ₹ 5,000 included in creditors was not likely to arise. **(xiv)** A Liability against Workmen Compensation is ₹ 12,000. **(xv)** Stock is to be valued at 20% less. Prepare Revaluation Account.

अवकाश पर अन्य शर्तें इस प्रकार हैं:

(i) ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,00,000 पर किया गया। **(ii)** ₹ 5,000 कर सम्पतियाँ ऐसी हैं जिनका पुस्तकों में लेखा नहीं हुआ हैं। **(iii)** विनियोगों का मूल्यांकन ₹ 15,000 पर किया गया व Z ने ले लिए। **(iv)** बकाया कानूनी व्ययों के लिए ₹ 3,500 का प्रावधान किया जाये। **(v)** स्वकीय सम्पति के मूल्य में ₹ 8,000 से वृद्धि करे। **(vi)** संयत्र व मशीन ₹ 10,000 से अधिमूल्यांकित हैं। **(vii)** फर्नीचर को ₹ 17,000 तक कम करे। **(viii)** बकाया वेतन ₹ 2,000। **(ix)** एकस्व का मूल्य ₹ 1,000 से कम किया जाये। **(x)** डूबत ऋण आयोजन 2% बनाया जाये। **(xi)** पूर्वदत बीमा ₹ 1,000। **(xii)** बैंक ऋण का भुगतान कर दिया जाये। **(xiii)** लेनदारों में शामिल ₹ 5,000 के दायित्व का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। **(xiv)** कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय के विरूद्व दायित्व ₹ 12,000। **(xv)** स्टॉक का मूल्य 20% कम करें। पुनर्मूल्यांकन खाता बनाइये।

हल: **Dr.** **Revaluation Account** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Provision for Legal Expenses	3,500	By Unrecorded asset	5,000
To Plant & Machinary	10,000	By Investment A/c	5,000
To Furniture A/c	3,000	By Freehold Property	8,000
To Outstanding Salary A/c	2,000	By Prepaid Insurance A/c	1,000
To Patent	1,000	By Creditors A/c	5,000

To P.B.D. A/c	500	By Loss Transferred to:		
To P.D.D. A/c	1,000	X's Capital A/c	2,800	
To Liability for worksmen compensation	2,000	Y's Capital A/c	2,800	
		Z's Capital A/c	1,400	7,000
To Stock A/c	8,000			
	31,000			**31,000**

अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय राशि का भुगतान
(Payment of Amount Due to Retiring Partner)

अवकाश ग्रहण करने वाले/साझेदार को भुगतान निम्न विधियों से किया जा सकता हैं: **1.** एक मुश्त भुगतान, **2.** पूँजी खाते का शेष ऋण खाते में हस्तान्तरण, **3.**किश्तों में भुगतान, **4.** वार्षिक विधि द्वारा भुगतान

1. **एक मुश्त भुगतान–** यदि फर्म के पास पर्याप्त तरल साधन(नकद व बैंक शेष) हो तो अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को एक मुश्त भुगतान किया जा सकता हैं। इसके लिए आवश्यक प्राविष्टि होगी:

Retiring Partner's Capital A/c Dr.(देय राशि से)
To Cash/Bank A/c
(Being amount due to retiring Partner paid)

उदाहरण : 1 अप्रेल, 2017 को A फर्म से अवकाश ग्रहण करता हैं। उस तिथि को उसके पूँजी खाते में ₹ 60,000 समायोजित शेष था। 1 अप्रेल, 2017 को उसे एक मुश्त भुगतान कर दिया गया। जर्नल प्रविष्टि कीजिए:–

A's Capital A/c Dr. 60,000
To Cash A/c 60,000
(A's due amount paid)

कभी–कभी बैंक से ऋण लेकर अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को भुगतान किया जाता हैं।

(a) बैंक से ऋण लेने पर: Bank A/c Dr.
To Bank Loan A/c

(b) अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को भुगतान: Retiring Partners Capital A/c Dr.
To Bank A/c

(ii) पूँजी शेष को ऋण खाते में हस्तान्तरण के द्वारा (By Transferring Capital Account to his Loan Account)
सूचना के अभाव में अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय रकम उसके ऋण खाते में हस्तांरित की जायेगी।

Retiring Partner's Capital A/c Dr.
To Retiring Partner's Loan A/c
(Being Amount due to Retiring Partner's transfer to his Loan A/c)

2. आंशिक भुगतान नकद में व आंशिक ऋण खाते में हस्तान्तरण द्वारा(Payment partly in cash & partly by transferring into Loan Account): कभी कभी कुछ राशि नकद चुका दी जाती हैं और बाकी राशि ऋण खाते में हस्तान्तरण कर दी जाती है तो प्रविष्टि होगी।

Retiring Partner's Capital A/c Dr.
To Cash A/c
To Retiring Partner's Loan A/c
(Being Retiring Partner paid partly in cash and balance transfer to his loan A/c)

3. किश्तों में भुगतान (Payment by Installment): आपसी सहमति से अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय रकम का भुगतान किश्तों में किया जा सकता हैं। इस दशा में उसे देय राशि उसके ऋण खाते में हस्तान्तरित कर दी जाती हैं। तथा ऋण खाते के अदत्त शेष पर समझौते के अनुसार एक निश्चित प्रतिशत की दर से या समझौते के अभाव में 6% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाता हैं।

लेखांकन प्रविष्टियां: (1) पूँजी खाते के शेष को ऋण खाते में हस्तान्तरित करने पर

Retiring Partner's Capital A/c Dr.
To Retiring Partner's Loan A/c
(Being Retiring Partner's Capital A/c balance transfer to his loan A/c)

(2) अदत्त राशि पर ब्याज के लिए

Interest A/c Dr.

To Retiring Partner's Loan A/c

(Being for interest to his loan A/c)

(3) किश्त की राशि ब्याज सहित भुगतान करने पर

Retiring Partner's Loan A/c Dr.

To Cash/Bank A/c

(Being installment paid)

उदाहरण 5 : B, 01-01-2014 को अवकाश ग्रहण करता है। उसके पूँजी खाते का समायोजित शेष ₹30,000 था, जिसका भुगतान तीन समान वार्षिक किश्तों में करना हैं। इस पर 6% वार्षिक दर से ब्याज देना भी तय हैं। B का ऋण खाता बनाइयें।

हल: **Dr.** **B's Loan A/c** **Cr.**

Date	Particulars	Amount₹	Date	Particulars	Amount₹
31.12.14	To Bank A/c (10,000 + 1,800)	11,800	01.01.14	By B's Capital A/c	30,000
	To Balance c/d	20,000		By Interest A/c (30,000 x 6%)	1,800
		31,800			**31,800**
31.12.15	To Bank A/c (10,000 + 1,200)	11,200	01-01-15	By Balance b/d	20,000
	To Balance c/d	10,000		By Interest A/c (20,000 x 6%)	1,200
		21,200			**21,200**
31.12.16	To Cash A/c (10,000 + 600)	10,600	01.01.16	By Balance b/d	10,000
				By Interest A/c (10,000 x 6%)	600
		10,600			**10,600**

(4) वार्षिकी द्वारा भुगतान(Payment by Annuity Methods): अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार अथवा मृत साझेदार के उत्तराधिकारियों को देय रकम का भुगतान वार्षिकी के रूप में किया जा सकता हैं। वार्षिकी का आशय वार्षिक भुगतान से हैं। इस विधि के अन्तर्गत:

(i) अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार अथवा मृत साझेदार को कुल देय राशि को वार्षिकी उचन्ती खाते या वार्षिकी खाते(Annuity Suspense A/c or Annuity A/c) में हस्तांतरित कर दिया जाता हैं।

(ii) प्रतिवर्ष वार्षिकी उचन्त खाते के शेष पर ब्याज क्रेडिट किया जाता हैं।

(iii) वार्षिकी का भुगतान करने पर वार्षिकी उचन्त खाते को डेबिट किया जाता हैं व बैंक खाते को क्रेडिट किया जाता है।

(iv) यदि वार्षिकी पाने वाले साझेदार की मृत्यु कुल भुगतान से पूर्व हो जाती है तो वार्षिकी उचन्ती खाते के शेष को शेष बचे साझेदारों में उनके लाभ विभान अनुपात में हस्तांतरित कर दिया जाता हैं।

(v) वार्षिकी उचन्त खाते का शेष समाप्त होने के बाद भी अवकाश ग्रहण करने वाला साझेदार जीवित रहता हैं तो भविष्य में उसे दी जाने वाली राशि को लाभ–हानि खाते से चार्ज किया जाता हैं।

जर्नल प्रविष्टियां: (1) कुल देय राशि की वार्षिक उचन्ती खाते में हस्तांतरित करने पर:

Retiring Partner's Capital A/c Dr.

To Annuity Suspense A/c

(Being balance of Retiring Partner's Capital A/c transferred to Annuity Suspense)

(2) अदत्त शेष पर ब्याज के लिए Interest A/c Dr.

To Annuity Suspense A/c

(Being interest due)

(3) वार्षिकी भुगतान के लिए Annuity Suspense A/c Dr.

To Bank/Cash A/c

(Being amount of Annuity paid)

(4) वार्षिकी खाते का शेष समाप्त होने से पूर्व ही साझेदार की मृत्यु हो जाये

Annuity Suspense A/c Dr.

To Remaining Partner's Capital A/c

(Being balance of Annuity Suspense A/c transfer remaining Partner's Capital A/c)

(5) वार्षिकी खाते का शेष समाप्त होने से पूर्व भी अवकाश ग्रहण करने वाला साझेदार जीवित रहे तो ऐसी स्थिति में जब तक जीवित रहे प्रतिवर्ष भुगतान की उपर्युक्त प्रविष्टि (3) के अलावा वर्ष अन्त में निम्न प्रविष्टि और होगी।

P & L A/c Dr.

To Annuity Suspense A/c

उदाहरण 6 : A, B व C साझेदार थे। B के द्वारा 31 मार्च 2012 को अवकाश ग्रहण करने पर सभी समायोजनों के बाद पूँजी खाते का क्रेडिट शेष ₹25,000 दिखाया गया। यह तय हुआ कि 10 प्रतिशत वार्षिक दर पर ₹6,000 प्रतिवर्ष जीवनोपरान्त वार्षिकी दी जाये। दूसरी वार्षिकी के भुगतान के तुरन्त बाद B की मृत्यु हो जाती हैं। B का वार्षिकी खाता बनाइये।

हल: **Dr.** **B's Annuity A/c** **Cr.**

Date	Particulars	J. F.	Amount ₹	Date	Particulars	J.F.	Amount ₹
31, March 2013	To Bank A/c		6,000	1, April 2012	By B's Capital A/c		25,000
	To Balance c/d		21,500	31, March 2013	By Interest A/c		2,500
			27,500				**27,500**
	To Bank A/c		6,000	1, April 2013	By Balance c/d		21,500
31, March 2014	To A's Capital A/c		8,825				
	To B's Capital A/c		8,825	31, March 2014	By Interest A/c		2,150
			23,650				**23,650**

उदाहरण 7 : A, B व C एक फर्म में साझेदार थे। C 01.01.14 को फर्म से अवकाश ग्रहण करता हैं, उस तिथि को समस्त समायोजनों के बाद उसका पूँजी खाता ₹40,000 का क्रेडिट शेष बताता हैं। निम्नलिखित प्रत्येक परिस्थिति में फर्म की पुस्तकों में आवश्यक खाते बनाइये।

(i) C को देय रकम उसे ऋण खाते में हस्तांतरित की जाती हैं। **(ii)** C को देय रकम का अवकाश ग्रहण के तुरंत बाद पूर्ण भुगतान कर दिया जाता हैं। **(iii)** C को देय रकम में से 50% नकद भुगतान व शेष 50% उसके ऋण खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता हैं। **(iv)** C को भुगतान 10% वार्षिक ब्याज दर पर दो समान वार्षिक किश्तों में किया जाता हैं। **(v)** C को भुगतान 10% वार्षिक ब्याज दर पर दो समान अर्द्धवार्षिक किश्तों में किया जाता हैं। **(vi)** 10% वार्षिक ब्याज दर पर ₹10,000 प्रतिवर्ष की जीवन पर्यन्त वार्षिकी दी जाती हैं। यह मानते हुए कि C की मृत्यु द्वितीय वार्षिकी के भुगतान के तुरंत बाद हो जाती हैं। **(vii)** 10% वार्षिक ब्याज दर पर ₹16,000 प्रतिवर्ष की जीवन्त पर्यन्त वार्षिकी दी जाती हैं। यह मानते हुए कि C की मृत्यु चतुर्थ वार्षिकी के भुगतान के तुरंत बाद हो जाती हैं। **(viii)** C को भुगतान 10% वार्षिक ब्याज पर ₹15,000 की दो समान वार्षिक किश्तों में(ब्याज सहित) तथा शेष राशि(ब्याज सहित) तीसरे वर्ष के अन्त में भुगतान करनी हैं। **(ix)** C को भुगतान 10% वार्षिक ब्याज दर पर दो समान वार्षिक किश्तों में किया जाता हैं, प्रथम किश्त 1.1.15 से प्रारंभ होगी।

हल: **(i) Dr.** **C's Capital Account** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To B's Loan A/c	40,000	By Balance b/d	40,000
	40,000		**40,000**

(ii) Dr. **C's Capital Account** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹

To Cash/Bank A/c	40,000	By Balance b/d	40,000
	40,000		**40,000**

(iii) Dr. **C's Capital Account** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Cash/Bank A/c	20,000	By Balance b/d	40,000
To C's Loan A/c	20,000		
	40,000		**40,000**

(iv) Dr. **C's Loan Account** **Cr.**

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
31-12-14	To Cash/Bank A/c (20000 + 4000)	24,000	01-01-14	By C's Capital A/c	40,000
31-12-14	To Balance c/d	20,000	31-12-14	By Interest A/c (40000x10%)	4,000
		40,000			**44,000**
31-12-15	To Cash/Bank A/c (20000 + 2000)	22,000	01-01-15	By Balance c/d	20,000
			31-12-15	By Interest A/c	2,000
		22,000			**22,000**

(v) Dr. **C's Loan Account** **Cr.**

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
30-06-14	To Cash/Bank A/c (20000 + 2000)	22,000	01-01-14	By C's Capital A/c	40,000
			30-06-14	By Interest A/c (40000x10/100 x 6/12)	2,000
31-12-14	To Cash/Bank A/c (20000 + 1000)	21,000	31-12-14	By Interest A/c	1,000
		43,000			**43,000**

(vi) Dr. **Annuity Suspense A/c** **Cr.**

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
31-12-14	To Cash/Bank A/c	10,000	01-01-14	By C's Capital A/c	40,000
31-12-14	To Balance c/d	34,000	30-06-14	By Interest A/c (40000x10%)	4,000
		44,000			**44,000**
31-12-15	To Cash/Bank A/c	10,000	01-01-15	By Balance c/d	34,000
31-12-15	To Capital A/c(Profit on Death)		31-12-15	By Interest A/c (34000 x 10%)	3,400
	A's Capital 13,700				
	B's Capital 13,700	27,400			
		37,400			**37,400**

(vii) Dr. Annuity Suspense A/c Cr.

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
31-12-14	To Cash/Bank A/c	16,000	01-01-14	By C's Capital A/c	40,000
31-12-14	To Balance c/d	28,000	31-12-14	By Interest A/c (40000x10%)	4,000
		44,000			**44,000**
31-12-15	To Cash/Bank A/c	16,000	01-01-15	By Balance b/d	28,000
31-12-15	To Balance c/d	14,800	31-12-15	By Interest A/c (28000 x 10%)	2,800
		30,800			**37,400**
31-12-16	To Cash/Bank A/c	16,000	01-01-16	By Balance b/d	14,800
31-12-16	To Balance c/d	280	31-12-16	By Interest A/c (14,800x10%)	1,480
		16,280			**16,280**
31-12-17	To Cash/Bank A/c	16,000	01-01-17	By Balance b/d	280
			31-12-17	By Interest A/c (280 x 10%)	28
			31-12-17	P & L A/c	15,692
		16,000			**16,000**

(viii) Dr. C's Loan A/c Cr.

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
31-12-14	To Cash/Bank A/c	15,000	01-01-14	By C's Capital A/c	40,000
31-12-14	To Balance c/d	29,000	31-12-14	By Interest A/c (40000x10%)	4,000
		44,000			**44,000**
31-12-15	To Cash/Bank A/c	15,000	01-01-15	By Balance b/d	29,000
31-12-15	To Balance c/d	16,900	31-12-15	By Interest A/c (29000 x 10%)	2,900
		31,900			**31,900**
31-12-16	To Cash/Bank A/c (16900 + 1690)	18,590	01-01-16	By Balance b/d	16,900
			31-12-16	By Interest A/c (16,900x10%)	1,690
		18,590			**18,590**

(ix) Dr. C's Loan A/c Cr.

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
31-12-14	To Balance c/d	44,000	01-01-14	By C's Capital A/c	40,000
			31-12-14	By Interest A/c (40000x10%)	4,000
		44,000			**44,000**
01-01-15	To Bank/Cash A/c	24,000	01-01-15	By Balance b/d	44,000

	(20000 + 4000)		31-12-15	By Interest A/c	
31-12-15	To Balance c\d	22,000		(20000 x 10%)	2,000
		46,000			**46,000**
01-01-16	To Cash/Bank A/c	22,000	01-01-16	By Balance b/d	22,000
		22,000			**22,000**

उदाहरण 8 : A, B व C साझेदार हैं जो कि लाभों को 2 : 3 : 1 के अनुपात में विभाजित करते हैं। 31–03–2017 को उनका स्थिति विवरण निम्न था–

A, B and C are partners sharing profits in the ratio 2 : 3 : 1. Their Balance Sheet as on 31-03-2017 was as follows:

Balance Sheet

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Sundry Creditors		35,000	Cash	15,000
Provision for Bad debts		1,000	Sundry Debtors	20,000
Bank Loan		14,000	Stock	30,000
General Reserve		20,000	Furniture	10,000
Capital A/c's			Plant & Machine	40,000
A	45,000		Building	60,000
B	45,000		Goodwill	10,000
C	30,000	1,20,000	P & L A/c	5000
		1,90,000		**1,90,000**

B को उपरोक्त तिथि को अवकाश ग्रहण करण करता है, साझेदार निम्न शर्तों पर सहमत होते हैं:–

(i) फर्म की ख्याति का मूल्य ₹24,000 होगा। **(ii)** फर्नीचर पर 10% व संयत्र व मशीन पर 5% से ह्रास लगाया जाये। **(iii)** संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन को ₹1,500 तक बढाया जाये। **(iv)** स्टॉक का मूल्य 20% से व भवन का मूल्य 10% से बढाया जाये। **(v)** बीमा प्रीमियम की राशि जिसे प्रतिवर्ष लाभ–हानि खाते में लिखा जाता था, 31 मार्च 2017 को ₹1,500 असमाप्त बीमा प्रीमियम के रूप में आगे ले जाये गये। **(vi)** अदत्त वेतन के लिए ₹2,000 का प्रावधान किया जाये।

जर्नल प्रविष्टियां, पुनर्मूल्यांकन खाता साझेदारों के पूँजी खाते व नई फर्म का प्रारंभिक चिट्ठा बनाइये।

B Retires on the above date and the partners agreed that:

(i) The Goodwill do the Firm is to be valued at ₹24,000. **(ii)** Furniture, Plant & Machine are to be depreciated by 10% and 5% respectively. **(iii)** Provision for doubtful debts is to be increased to ₹1,500. **(iv)** Stock and Building are to be appreciated 20% and 10% respectively. **(v)** That out of the amount of Insurance Premium which was debited annually to P & L A/c ₹1,500 be carry forward for unexpired insurance on 31.03.17. **(vi)** That a provision for ₹2,000 be made in respect of outstanding salaries.

Pass journal entries and prepare Revaluation A/c , Partner's Capital A/c and Balance Sheet of the new firm.

हल:

Journal

Date	Particulars	L. F.	Amount Dr. ₹	Amount Cr. ₹
	General Reserve A/c Dr.		20,000	
	To A's Capital A/c			8,000
	To B's Capital A/c			8,000
	To C's Capital A/c			4,000
	(Being General Reserve transfer to Partner's Capital A/c			

	A s Capital A/c	Dr.		2,000	
	B's Capital A/c	Dr.		2,000	
	C's Capital A/c	Dr.		1,000	5,000
	To P & L A/c				
	(Being Loss transfer to Partner's Capital A/c)				
	A's Capital A/c	Dr.		4,000	
	B's Capital A/c	Dr.		4,000	
	C's Capital A/c	Dr.		2,000	
	To Goodwill A/c				10,000
	(Being Goodwill A/c written off)				
	Revaluation A/c	Dr.		5,500	
	To Furniture A/c				1,000
	To Plant & Machine A/c				2,000
	To P.B.D. A/c				500
	To Outstanding salaries A/c				2,000
	(Being Decrease in value of assets & increase in the amount of liabilities)				
	Stock A/c	Dr.		6,000	
	Building A/c	Dr.		6,000	
	Prepaid Insurance A/c	Dr.		1,500	
	To Revaluation A/c				13,500
	(Being values of assets increased0				
	Revaluation A/c	Dr.		8,000	
	To A's Capital A/c				3,200
	To B's Capital A/c				3,200
	To C's Capital A/c				1,600
	(Being profit on revaluation transfer to Partner's Capital A/c)				
	A's Capital A/c	Dr.		6,400	
	C's Capital A/c	Dr.		3,200	
	To B's Capital A/c				9,600
	(Being B's share of goodwill adjusted in gaining ratio)				
	B's Capital A/c	Dr.		59,800	
	To B's Loan A/c				59,800
	(Being B's balance of Capital A/c transferred to B's Loan A/c)				

Dr. **Revalution Account** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Furniture A/c	1,000	By Stock A/c	6,000
To Plant & Machine A/c	2,000	By Building A/c	6,000
To P.B.D. A/c	500	By Prepaid Insurance A/c	1,500
To Outstanding Salaries A/c	2,000		

To Profit transferred to:				
A's Capital A/c	3,200			
B's Capital A/c	3,200			
C's Capital A/c	1,600	8,000		
		13,500		**13,500**

Partner's Capital Account

Dr. **Cr.**

Particulars	A ₹	B ₹	C ₹	Particulars	A ₹	B ₹	C ₹
To P&L A/c	2000	2000	1000	By Balance b/d	45000	45000	30000
To Goodwill A/c	4000	4000	2000	By General Reserve	8000	8000	4000
To B's Capital	6400	-	3200	By Revaluation	3200	3200	1600
To B's Loan	-	59800	-	By A's Capital A/c	-	6400	-
To Balance c/d	43800	-	29400	By C's Capital A/c	-	3200	-
	56200	**65800**	**35600**		**56200**	**65800**	**35600**

Balance Sheet of A & C
As on 31 March, 2017

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Sundry Creditors		35,000	Cash	15,000
Provision for Bad-debts A/c		1,500	Sundry Debtors	20,000
Outstanding Salaries		2,000	Stock	36,000
Bank Loan		14,000	Furniture	9,000
B's Loan A/c		59,800	Plant & Machine	38,000
Capital A/c			Building	66,000
A's Capital	43,800		Pre-paid Insurance	1,500
B's Capital	29,400	73,200		
		1,85,500		**1,85,500**

उदाहरण 9 : M, N और O आपस में साझेदार हैं जो लाभ–हानि को 1/2 : 1/3 : 1/6 के अनुपात में बाँटते हैं। 31 मार्च, 2014 को उनका स्थिति विवरण इस प्रकार हैं:

The Balance Sheet of M, N and O who are sharing profits and losses in the ratio of 1/2, 1/3 and 1/6 respectively, as at 31st March, 2014 Balance Sheet was as follows:

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Bills Payable		7,000	Cash at Bank	25,650
Sundry Creditors		18,000	Bills Receivable	5,400
Profit and Loss A/c		6,000	Debtors	17,800
Investment Fluctuation Reserve		5,000	Stock	22,300
Capital A/cs:			Investment	12,000
M	50,000		Patents	10,000
N	25,000		Furniture	3,500
O	20,000	95,000	Plant and Machinery	9,750
			Building	24,000
			Advertisement Expenditure	600
		1,31,000		**1,31,000**

1 अप्रैल, 2014 को एम व्यवसाय से अवकाश लेता हैं एवं फर्म में उसके हिस्से की गणना सम्पतियों के निम्नानुसार पुनर्मूल्यांकन कर ज्ञात करना हैं: स्टॉक– ₹20,000; फर्नीचर ₹3,000; प्लांट एवं मशीनरी– ₹9,000; भवन– ₹20,000; विनियोग– ₹10,000; अर्जित आय ₹500; एकस्व ₹11,500; एवं संदिग्ध ऋणों के लिए– ₹850; का

प्रावधान किया जाना हैं। एक देनदार जिसमे ₹1,000 बकाया थे, डूबत ऋण मानकर अपलिखित कर दिया या उससे ₹400 वसूल हुए। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹6,000 पर सहमति हुई तथा इस सम्बन्ध में समायोजन शेष साझेदारों में बिना ख्याति खाते खोले किया जाना हैं। एम को अवकाश ग्रहण करने पर ₹9,200 नकद दिये जाएँगे तथा शेष का भुगतान 5% प्रतिवर्ष ब्याज सहित तीन समान वार्षिक किस्तों में किया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते फर्म का स्थिति–विवरण तैयार कीजिए एवं एम का ऋण खाता बनाइए जब तक की वह पूर्णतः बंद न हो जाये।

M retires from business on 1st April, 2014 and his share in the firm is to be ascertained on revaluation of assets as follows: Stock ₹20,000; Furniture ₹ 3,000; Plant and machinery ₹9,000; Building ₹20,000; Investment ₹10,000; Accrued Income ₹500; Patent ₹11,500 and ₹850 is to be provided for doubutful debts. A debtor whose dues of ₹1,000 were written off as bad debts paid ₹400. The goodwill of the firm is agreed to be valued at ₹ 6,000 and adjustment in this respect was to be made in the continuing Partners' Capital Account without raising Goodwill Account. M is to be paid ₹ 9,200 in cash on retirement and balance in three equal yearly installments with interest @ 5% p.a. Prepare Revaluation A/c, Partners' Capital A/c & Balance Sheet. Also prepare M's Loan A/c till it is finally closed.

हल:**Dr.** **Revaluation Account** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars		Amount ₹
To Stock A/c	2,300	By Patent A/c		1,500
To Furniture A/c	500	By Accured Income		500
To Plant & Machinery	750	By Bad debts recovered		400
ToBuilding A/c	4,000	By Loss transferred to:		
To P.B.D. A/c	850	M's Capital A/c	3,000	
		N's Capital A/c	2,000	
		O's Capital A/c	1,000	6,000
	8,400			**8,400**

Dr. **Partner's Capital Account** **Cr.**

Particular	M ₹	N ₹	O ₹	Particulars	M ₹	N ₹	O ₹
To Advertisment Exp.	300	200	100	By Balance b/d	50,000	25,000	20,000
To Revaluation	3,000	2,000	1,000	By P & L A/c	3,000	2,000	1,000
To M's Capital	-	2,000	1,000	By Investment Fluctuation Reserve	1,500	1,000	500
To Bank A/c	9,200	-	-	By N's Capital A/c	2,000	-	-
To M's Loan A/c	45,000	-	-	By O's Capital A/c	1,000	-	-
To Balance c/d	-	23,800	19,400				
	57,500	**28,000**	**21,500**		**57,500**	**28,000**	**21,500**

Balance Sheet of N & O
As on 01 April, 2014

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Bills Payable		7,000	Cash at Bank		16,850
Sundry Creditors		18,000	Bills Receivables		5,400
M's Loan A/c		45,000	Debtos	17,800	
			(-) PBD	850	16,950
			Stock		20,000
Capital A/c's			Patent		11,500
N	23,800		Accrured income		500
O	19,400	43,200	Furniture		3,000
			Plant & Machinery		9,000

		Building	20,000
		Investment	10,000
	1,13,200		**1,13,200**

M's Loan Account

Dr. **Cr.**

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
31-3-15	To Bank A/c (15000+2250)	17,250	1-4-2014	By M's Capital A/c	45,000
31-3-15	To Balance c/d	30,000	31-3-15	By Interest 45000x5%	2,250
		47,250			**47,250**
31-3-16	To Bank A/c	16,500	1-4-15	By Balance b/d	30,000
31-3-16	To Balance c/d	15,000	31-3-16	By Interest	1,500
		31,500			**31,500**
31-3-17	To Bank A/c 15000+750	15,750	1-4-16	By Balance b/d	15,000
			31-3-17	By Interest A/c(1500x5%)	750
		15,750			**15,750**

कार्यशील टिप्पणिया(Working Notes):

(1) विनियोगों के मूल्य में कमी को निवेश उतार चढ़ाव संचय खाते से चार्ज किया गया हैं व शेष ₹ 3000 को साझेदारों में उनके पुराने लाभ विभाजन अनुपात में बाँटा गया हैं।

(2) M का ख्याति में हिस्सा $6000 \times \frac{1}{2} =$ ₹3,000 की फायदे के अनुपात 2:1 मं N व O के पूँजी खातों से समायोजित किया गया।

(3) बैंक शेष 25,650+400-9,200= ₹ 16,850

(4) M के ऋण खाते में हस्तान्तरित राशि ₹45,000 का भुगतान तीन समान वार्षिक किश्तों(प्रत्येक ₹ 15,000) का भुगतान 5% ब्याज सहित किया गया हैं।

उदाहरण 10 : X, Y तथा Z साझेदार हैं और लाभ तथा हानि का 2:2:1 के अनुपात में बाँटते हैं। 31 दिसम्बर, 2016 को उनका स्थिति विवरण इस प्रकार था:

X, Y and Z are partners sharing profits and losses in the ratio 2 : 2 : 1. Their Balance Sheet as on 31st December, 2016 was as under:

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors		37,000	Bank		9,000
Bills Payable		13,000	Debtors	40,000	
Reserve Fund		10,000	Less: Provision for D.D.	2,000	38,000
Capital Accounts			Stock		40,000
X	60,000		Furniture		20,000
Y	60,000		Machinery		78,000
Z	20,000	1,40,000	Goodwill		15,000
		2,00,000			**2,00,000**

1 जनवरी, 2017 को x ने निम्नलिखित शर्तों पर अवकाश ग्रहण किया:

(i) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान ₹2,000 बढा दिया जाए। **(ii)** स्टॉक का मूल्य ₹4,000 बढा दिया जाए और मशीनरी का घटाकर ₹75,000 कर दिया जाए। **(iii)** ₹ 1,200 के हर्जाने के लिए बकाया दावे का प्रावधान किया जाए। **(iv)** लेनदारों के ₹4,000 घटा दिए जाए। **(v)** फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹60,000 किया जाए। **(vi)** शेष साझेदार एक्स के अवकाश ग्रहण पर ₹60,000 नकद देने के लिए सहमत हो गए, जो शेष साझेदारों द्वारा 3:2 के अनुपात में लाए जाऐंगे। एक्स की शेष पूँजी को ऋण मान लिया जाए।

पुनर्मूल्यांकन खाता, पूँजी खाते और नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइए।

X retired on 1st January, 2017 on the following terms:

(i) Provision for doubtful debts be raised by ₹ 2,000. **(ii)** Stock be increased by ₹4,000 and Machinery be reduced to ₹75,000. **(iii)** Outstanding claim for damages of ₹1,200 is to be provided. **(iv)** Creditors be reduced by ₹4,000. **(v)** Goodwill of the firm is valued at ₹ 60,000. **(vi)** The continuing partners agreed to pay ₹ 60,000 in cash on retirement of X to be contributed by continuing partners in the ratio of 3:2. The balance capital of X be treated as loan.

Prepare Revaluation Account, Capital Account and Balance Sheet of new firm.

हल:

Dr. **Revaluation Account** **Cr.**

Particulars		Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Provision for Doubtful Debts A/c		2,000	By Creditors A/c	4,000
To Outstanding Claim for Damages A/c		1,200	By Stock A/c	4,000
To Machine A/c		3,000		
To Capital A/cs(Profit):				
X	720			
Y	720			
Z	360	1,800		
		8,000		**8,000**

Dr. **Partner's Capital Account** **Cr.**

Particulars	X₹	Y₹	Z₹	Particulars	X₹	Y₹	Z₹
To Goodwill A/c	6,000	6,000	3,000	By Balance b/d	60,000	60,000	20,000
To X's Capital A/c	-	16,000	8,000	By Reserve Fund A/c	4,000	4,000	2,000
To Bank A/c	60,000	-	-	By Revaluation A/c	720	720	360
To X's Loan	22,720	-	-	By Y's Capital A/c	16,000	-	-
To Balance c/d	-	78,720	35,360	By Z's Capital A/c	8,000	-	-
				By Bank A/c	-	36,000	24,000
	88,720	**1,00,720**	**46,360**		**88,720**	**1,00,720**	**46,360**

Balance Sheet of Y & Z

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors		33,000	Bank		9,000
Bills Payable		13,000	Debtors	40,000	
O/S Claim for Damages		1,200	Less: Provision for BD	4,000	36,000
X's Loan		22,720	Stock		44,000
Capital A/cs:			Furniture		20,000
Y	78,720		Machinery		75,000
Z	35,360	1,14,080			
		1,84,000			**1,84,000**

कार्यशील टिप्पणी:

(i) एक्स का ख्याति में हिस्सा 60,000 $\times \frac{2}{5}$ = ₹ 24,000 जिसे Y व Z के पूँजी खातों में उनके फायदे के अनुपात 2 : 1 में समायोजित किया गया हैं।

(ii) X को भुगतान करने के लिए ₹60,000 की राशि Y व Z 3:2 के अनुपात में क्रमशः ₹36,000 व ₹24,000 लेकर आते हैं।

पूँजी का समायोजन
(Adjustment of Capital)

किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण करने अथवा मृत्यु हो जाने पर शेष साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन आ जाता हैं। फर्म की कुल पूँजी में भी परिवर्तन हो जाता हैं। इसलिए साझेदारों के पूँजी खातों को समायोजित करने की आवश्यकता होती हैं। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित तीन स्थितियां हो सकती हैं–

1. जब नयी फर्म की कुल पूँजी दी गयी हो(When Total Capital of the New Firm is given):- गणना के निम्नांकित चरण हैं:

(i) शेष साझेदारों की समायोजित पूँजी ज्ञात की जायेगी।

(ii) शेष साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में नयी फर्म की पूँजी को विभाजित कर उनकी आनुपातिक पूँजी ज्ञात की जायेगी।

(iii) समायोजित पूँजी व आनुपातिक पूँजी की तुलना करके पूँजी का आधिक्य(Surplus) या कमी(Deficiency) ज्ञात की जायेगी।

(iv) यदि किसी साझेदार के पूँजी खाते में आधिक्य(Surplus) हैं तो वह साझेदार आधिक्य राशि को फर्म से निकाल लेगा अथवा उसके चालू खाते में क्रेडिट कर दी जायेगी। इसके विपरीत कमी की पूर्ति नकद लाकर करनी होगी अथवा उसके चालू खाते में डेबिट की जायेगी।

जर्नल प्रविष्टियां: (1) यदि समायोजित पूँजी आनुपातिक से अधिक हो:

Concerned Partner's Capital A/c	Dr.	
To Cash/Bank/Concerned Partners' Current A/c		

(2) यदि समायोजित पूँजी, आनुपातिक पूँजी से कम हो,

Cash/Bank/Concerned Parners's Current A/c	Dr.	
To Concerned Partner's Capital A/c		

उदाहरण 11 : A, B व C साझेदार हैं, जो 3 : 2 : 1 में लाभ विभाजन करते हैं, C 31.3.16 को अवकाश ग्रहण करता हैं। उस तिथि को उनकी समायोजिक पूँजी क्रमशः ₹30,000, ₹20,000 व ₹25,000 थी। नयी फर्म की पूँजी ₹50,000 हैं। नया लाभ विभाजन अनुपात 1 : 1 हैं। साझेदारों द्वारा लाई या ले जाने वाली राशि ज्ञात करो एवं जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।

हलः नई पूँजी में A व B का हिस्सा ₹50,000 बराबर बराबर में बाँटना हैं, अतः पूँजी क्रमशः ₹ 25,000 प्रत्येक की होगी। इस प्रकार A (30000-25000)= ₹ 5,000 ले जायेगा व B (20000-25000) = ₹ 5,000 पूँजी लेकर आयेगा।

A's Capital	Dr.	5,000	
To Cash A/c			5,000
(Being cash withdraw by A)			
Cash A/c	Dr.	5,000	
To B's Capital			5,000
(Being cash brought in by B)			

II. जब नयी फर्म की कुल पूँजी नहीं दी गई हो(When the Total Capital of the new Firm is not given)

(i) शेष साझेदारों की समायोजित पूँजी ज्ञात की जायेगी।

(ii) नयी फर्म की कुल पूँजी ज्ञात की जायेगी, जो शेष साझेदारों की समायोजित पूँजी शेष के बराबर होगी।

(iii) नयी फर्म की कुल पूँजी का लाभ विभाजन अनुपात में बंटवारा करके उपर्युक्त I की तरह समायोजन प्रविष्टि करेंगे।

उदाहरण 12 : A, B व C साझेदार हैं, जो 5 : 3 : 2 में लाभ विभाजन करते हैं, A 31.3.17 को अवकाश ग्रहण करता हैं। उस तिथि को उनकी समायोजित पूँजी क्रमशः ₹60,000, ₹50,000 व ₹40,000 थी। साझेदार यह निश्चित करते हैं कि उनकी पूँजी लाभ विभाजन अनुपात में हो। इसके लिए साझेदारों से नकद राशि मंगायी जायेगी अथवा वापस की जायेगी। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

हलः नया अनुपात 3 : 2, फर्म की नयी आनुपातिक पूँजी ₹50,000 + ₹40,000 = ₹90,000

B की आनुपातिक पूँजी $50,000 \times \frac{3}{5}$ = ₹ 54,000, C की आनुपातिक पूँजी $90,000 \times \frac{2}{5}$ = ₹ 36,000,

अतः B द्वारा लायी गयी राशि 54,000–50,000 = ₹4,000 एवं C को दी जाने वाली राशि 44,000 – 36,000 = ₹4,000. इस आशय की प्रविष्टियाँ होगी :

1. Cash A/c Dr. 4,000
To B's Capital A/c 4,000
(Being cash brought in by B to make capital proportionate to profits)

2. C's Capital A/c Dr. 4,000
To Cash A/c 4,000
(Being cash paid off to C to make his capital proportionate to profits)

III. जब अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को शेष साझेदारों द्वारा फर्म में इस प्रकार नगद लाकर भुगतान किया जाये कि उनकी पूँजी लाभ विभाजन अनुपात में हो जाये–

a. जबकि न्यूनतम रोकड़/बैंक शेष भी रखना हो–

नयी फर्म की कुल पूँजी=सभी साझेदारों की समायोजित पूँजी+बैंक/रोकड़ शेष जो रखना हैं–प्रारंभिक रोकड़/बैंक शेष

इसे नये लाभ विभाजन अनुपात में बांटकर पूँजी आधिक्य/कमी ज्ञात कर राशि लाने/ले जाने की प्रविष्टियाँ उपर्युक्त I के अनुसार करेंगे।

b. जबकि न्यूनतम रोकड़/बैंक शेष रखने की सूचना न हो:

नयी फर्म की पूँजी = सभी साझेदारों की समायोजित पूँजी(अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार सहित)

इसे नये लाभ विभाजन अनुपात में बाँटकर पूँजी आधिक्य/कमी ज्ञात कर राशि लाने/ले जाने की प्रविष्टियाँ उपर्युक्त **I** के अनुसार करेंगे।

उदाहरण 13 : A, B व C 3 : 2 : 1 में लाभ विभाजन करते हैं। C अवकाश ग्रहण करता हैं। C को नकद भुगतान किया जाता हैं। अवकाश ग्रहण की तिथि की उनकी समायोजित पूँजी क्रमशः ₹30,000, ₹40,000 व ₹30,000 थी। चिट्ठे में रोकड़ शेष ₹20,000 था। न्यूनतम रोकड़ शेष ₹10,000 रखना हैं। शेष साझेदारों द्वारा लायी अथवा ले जायी जाने वाली राशि ज्ञात करें।

हल: नयी फर्म की कुल पूँजी = 30,000 + 40,000 + 30,000 + 10,000 = ₹ 90,000

इसे नये लाभ विभाजन अनुपात 3 : 2 में A व B में विभाजित करेगें।

$A = 90{,}000 \times \frac{3}{5} = ₹54{,}000,\ B = 90{,}000 \times \frac{2}{5} = ₹36{,}000$

A पूँजी लायेगा = (54,000 – 30,000) = ₹24,000, B पूँजी ले जायेगा (36,000 – 40,000) = ₹4000

Cash A/c Dr. 24,000
To A's Capital A/c 24,000

B's Capital A/c Dr. 4,000
To Cash A/c 4,000

उदाहरण 14 : A, B व C क्रमश 3 : 2 : 1 में लाभ विभाजन करते हैं। C अवकाश ग्रहण करता हैं। अवकाश ग्रहण की तिथि को उनकी समायोजित पूँजी क्रमशः ₹40,000, ₹30,000 व ₹30,000 थी। C को नकद भुगतान करना हैं तो शेष साझेदारों द्वारा लायी/ले जायी जाने वाली राशि होगी।

हल: नयी फर्म की कुल पूँजी = सभी साझेदारों की समायोजित पूँजी = 40,000 + 30,000 + 30,000 = ₹ 1,00,000

बटंवारा नये लाभ विभाजन अनुपात में, अतः A का हिस्सा 1,00,000x3/5 = ₹ 60,000,

B का हिस्सा 1,00,000x2/5 = ₹ 40,000

अतः A लायेगा (60,000 - 40,000) = ₹ 20,000, B लायेगा (40,000 - 30,000) = ₹10,000

Cash A/c Dr. 30,000
To A's Capital A/c 20,000
To B's Capital A/c 10,000

उदाहरण 15 : A, B व C एक फर्म में साझेदार हैं जो लाभ को अपनी पूँजी के अनुसार विभाजित करते हैं। 31 मार्च, 2017 को उनका स्थिति विवरण इस प्रकार था।

The Balance Sheet of A, B and C. who are partners in a firm, sharing profits according to their capitals, their Balance Sheet as at 31st March, 2017 was as under :

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors		24,000	Goodwill		10,000
General Reserve		20,000	Building		1,00,000
Worksmen Compensation Reserve		16,000	Machinery		50,000
Capital A/cs			Stock		18,000
A	80,000		Debtors	20,000	
B	40,000		Less: Provision for D.D	1,000	19,000
C	40,000	1,60,000	Cash at Bank		15,000
			Profit & Loss A/c		8,000
		2,20,000			**2,20,000**

उपरोक्त तिथि पर B ने फर्म से अवकाश प्राप्त करने का निर्णय लिया तथा उसके अपने अंश की धनराशि का फर्म ने निम्नलिखित शर्तों पर भुगतान कर दिया: **(i)** भवन के मूल्य में 20% की वृद्धि करनी हैं। **(ii)** देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान को बढ़ाकर 15% तक करना हैं। **(iii)** मशीनरी पर 20% ह्रास लगाना हैं। **(iv)** स्टॉक ₹1,000 से अधिमूल्यांकित हैं। **(v)** लेनदारों को ₹6,000 से कम करना हैं। **(vi)** बकाया किराया ₹1,000। **(vii)** कर्मचारी क्षति पूर्ति का दावा ₹8,000 निश्चित किया गया हैं। **(viii)** फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹72,000 पर किया गया हैं तथा अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार का अंश शेष साझेदारों के पूँजी खातों के अन्तर्गत समायोजित करना हैं। **(ix)** नयी फर्म की पूँजी ₹1,20,000 निर्धारित की गई हैं। समायोजन चालू खाते के माध्यम से करें।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा B के अवकाश ग्रहण करने के पश्चात् स्थिति विवरण बनाइए।

On that date, B decided to retire from the firm and was paid for his share in the firm subject to the following terms:

(i) Building to be appreciated by 20%. **(ii)** Provision for Doubtfull Debts to be increased to 15% on Debtors. **(iii)** Machinery to be depreciated by 20%. **(iv)** Stock is overvalued by ₹1,000. **(v)** Creditors reduced by ₹6,000. **(vi)** Outstanding Rent ₹1,000. **(vii)** Claim against Workmen Compensation Reserve is determined at ₹8,000. **(viii)** Goodwill of the firm is valued at ₹72,000 and the retiring partner's share is adjusted through the Capital Accounts of the remaining partners. **(ix)** The capital of the new firm be fixed at ₹1,20,000. Adjustments are to be made through current account.

Prepare the Revaluation Account, Capital Accounts of partners and the Balance Sheet after retirement of B.

Dr. **Revaluation Account** **Cr.**

Particulars		Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To PBD A/c		2,000	By Building A/c	20,000
To Machinery A/c		10,000	By Creditors A/c	6,000
To Outstanding Rent		1,000		
To Stock A/c		1,000		
To Profit Transfer				
A's Capital A/c	6,000			
B's Capital A/c	3,000			
C's Capital A/c	3,000	12,000		
		26,000		**26,000**

Dr. **Partner's Capital A/c** **Cr.**

Particulars	A ₹	B ₹	C ₹	Particulars	A ₹	B ₹	C ₹
To P&L A/c	4,000	2,000	2,000	By Balance b/d	80,000	40,000	40,000
To Goodwill A/c	5,000	2,500	2,500	By General Reserve	10,000	5,000	5,000
To B's Cap. A/c	12,000	-	6,000	By Workmen Compensation Reserve	4,000	2,000	2,000
To B's Loan A/c	-	63,500	-	By A's Cap. A/c	-	12,000	-
To Balance c/d	79,000	-	39,500	By Revaluation A/c.	6,000	3,000	3,000
				By C's Cap. A/c	-	6,000	-
	1,04,000	**68,000**	**50,000**		**1,04,000**	**68,000**	**50,000**
To Balance c/d	80,000	-	40,000	By Balance b/d	79,000	-	39,500
				By Current A/c	1,000	-	500
	80,000	**-**	**40,000**		**80,000**	**-**	**40,000**

Balance Sheet A and C
As on 31—03-2017

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors		18,000	Building		1,20,000
Outstanding Rent		1,000	Machinery		40,000
Liability for Workmen Compensation		8,000	Stock		17,000
			Debtors	20,000	
Capital A/c			(-)PBD	3,000	17,000
			Cash on Bank		15,000
A	80,000		Current A/c		
C	40,000	1,20,000	A	1,000	
B's Loan A/c		63,500	C	500	1,500
		2,10,500			**2,10,500**

कार्यशील टिप्पणियां (Working Notes) :

(1) B का ख्याति में हिस्सा 72000 x 1/4 = ₹18,000 को A व C के पूँजी खातों में फायदे के अनुपात 2:1 में समायोजित किया गया हैं।

(2) कर्मचारी क्षतिपूर्ति के संबंध में दायित्व ₹8,000 की पूर्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय में से की गयी हैं तथा संचय की बची शेष राशि को साझेदारों में उनके पुराने अनुपात में बाँटा गया हैं।

(3) B को देय रकम सूचना के अभाव में उसके ऋण खाते में हस्तांतरित की जाती हैं।

(4) नयी फर्म की पूँजी ₹1,20,000 को A व C के नये लाभ विभाजन अनुपात में 2:1 में बांटकर चालू खातों के माध्यम से समायोजन किया गया हैं।

उदाहरण 16 : एल एम तथा एन एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ बॉटते थे। 1अपैल 2017 को उनका स्थिति विवरण निम्नानुसार था–

L, M & N were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 1 : 1. On 1st April, 2017 their Balance Sheet was as follows:

Balance Sheet of L, M and N
As on 1st April, 2017

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capital A/c			Land	8,00,000
L	6,00,000		Building	6,00,000

M	4,80,000		Furniture		2,40,000
N	4,80,000	15,60,000	Debtors	4,00,000	
General Reserve		4,40,000	Less:	20,000	3,80,000
Workmen Compensation fund		3,60,000	Stock		4,40,000
Creditors		2,40,000	Cash		1,40,000
		26,00,000			**26,00,000**

उपर्युक्त तिथि को एन ने अवकाश ग्रहण किया । निम्नलिखित निर्णय लिये गए– **(i)** फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹6,00,000 किया गया । **(ii)** भूमि का मूल्य 40% बढाया जाएगा तथा भवन पर ₹1,00,000 का मूल्यांकन लगाया जाएगा। **(iii)** फर्नीचर पर ₹30,000 का मूल्यांकन लगाया जाएगा। **(iv)** कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि की देयता ₹1,60,00 निश्चित हुई। **(v)** एन को देय राशि को उसके ऋण के खाते में स्थानान्तरित किया जाएगा। **(vi)** एल को देय राशि को उसके ऋण खाते में स्थानानतरित किया जाएगा । **(vii)** एल तथा एम की पूँजी को उनके नए लाभ अनुपात में समायोजित किया जाएगा तथा इसके लिए साझेदारों के चालू खाते खोले जाएँगे। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइये। On the above date N retired. The following were agreed : **(i)** Goodwill of the firm was valued at ₹ 6,00,000. **(ii)** Land was to be appreciated by 40% and Building was to be depreciated by ₹ 1,00,000. **(iii)** Furniture was to be depreciated by ₹ 30,000. **(iv)** The liabilities for Workmen Compensation Fund was determined at ₹ 1,00,000. **(v)** Amount payable to N were to be adjusted in their new profit sharing ratio and for this purpose current accounts of the partners will be opened. Prepare Revaluation Account, Partners' Capital A/c and the Balance Sheet of the new firm.

हल: **Dr.** **Revaluation Account** **Cr.**

Particulars		Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Building A/c		1,00,000	By Land A/c	3,20,000
To Furniture A/c		30,000		
To Profit transferred to				
L's Cap. A/c	95,000			
M's Cap. A/c	47,500			
N's Cap. A/c	47,500	1,90,000		
		3,20,000		**3,20,000**

Dr. **Partner's Capital A/c** **Cr.**

Particulars	L₹	M₹	N₹	Particulars	L₹	M₹	N₹
				By Balance b/d	6,00,000	4,80,000	4,80,000
To N's Cap. A/c	1,00,000	50,000	-	By General Reserve	2,20,000	1,10,000	1,10,000
To N's Loan A/c	-	-	8,37,500	By Workmen	1,00,000	50,000	50,000
To Balance c/d	91,500	6,37,500	-	Compensation Reserve			
				By Revaluation	95,000	47,500	47,500
				By L's Cap A/c	-	-	1,00,000
				By M's Cap A/c	-	-	50,000
	10,15,000	**6,87,500**	**8,37,500**		**10,15,000**	**6,87,500**	**8,37,500**
To Current A/c (B/F)	-	1,20,000	-	By Balance b/d	9,15,000	6,37,500	-
To Balance c/d	10,35,000	5,17,500	-	By Current A/c (B/F)	1,20,000	-	-
	10,35,000	**6,37,500**	**-**		**10,35,000**	**6,37,500**	**-**

Balance Sheet of New Firm
As on 1st April, 2017

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount₹
Capital A/c			Land		11,20,000
L	10,35,000		Building		5,00,000
M	5,17,500	15,52,500	Furniture		2,10,000
			Debtors	4,00,000	
N's Loan A/c		8,37,500	(-)Provision:	20,000	3,80,000
Liability for workmen			Stock		4,40,000
Compensation		1,60,000			
Creditors		2,40,000	Cash		1,40,000
M's Current A/c		1,20,000	L's Current A/c		1,20,000
		29,10,000			**29,10,000**

कार्यशील टिप्पणियां 1. Gain Ratio 2 ; 1

2. N का ख्याति में हिस्सा 6,00,000 x 1/4= ₹1,50,000। जिसे L व M के पूँजी खातों में उनके फायदे के अनुपात 2 : 1 में समायोजित किया गया हैं।

3. L व M की समायोजित पूँजी = 9,15,000 + 6,37,500 = ₹15,52,500; इसे 2:1 में एल व एम को बांटने पर उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 10,35,000 व ₹5,17,500 होगी।

उदाहरण 17 : X, Y तथा Z एक फर्म में साझेदार थे और 31 दिसंबर 2016 को उनका स्थिति विवरण इस प्रकार था
X, Y and Z were partners in a firm whose Balance Sheet as on 31st December, 2016 was as under:

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors		18,240	Cash	16,240
General Reserve		7,500	Debtors	22,500
Capitals:			Stock	26,500
X	20,000		Furniture	5,000
Y	14,500			
Z	10,000	44,500		
		70,240		**70,240**

उस दिन Y ने अवकाश ग्रहण कर लिया। इस संबंध में निम्न समायोजन करने का निर्णय़ लिया गया :

(क) स्टॉक तथा फर्नीचर में क्रमशः 5% और 10% की कमी की जाए।

(ख) देनदारों के 5% पर संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान किया जाए।

(ग) लेनदारों के साथ एक पुराना विवाद निबटाया गया और फर्म को ₹9,050 देने पडे। इस उद्देश्य के लिए विविध लेनदारों में ₹ 6,000 पहले से सम्मिलित किए गए हैं ।

(घ) ख्याति का मूल्यांकन ₹12,000 किया गया हैं ।

(ङ) लाभ तथा हानि को 5 : 3 के अनुपात में बाँटा जाए ।

(च) Y का भुगतान कर दिया जाए और Y को देय समस्त राशि X तथा Y द्वारा इस प्रकार लाई जाएगी कि उनकी पूँजी उनके नए लाभ विभाजन अनुपात में हो जाए ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते और Y के अवकाश ग्रहण करने के बाद स्थिति विवरण बनाइए।

Y retired on that date. In this connection, it was decided to make the following adjustments:

(a) To reduce stock and furniture by 5% and 10% respectively.

(b) To provide for doubtful debts at 5% on debtors.

(c) A long dispute with the creditors was settled and firm has to pay ₹ 9,050. In anticipation ₹ 6,000 have already been included in sundry creditors for this purpose.

(d) Goodwill was valued at ₹ 12,000.

(e) To share profits and losses in 5 : 3 ratio.

(f) Y should be paid off and the entire sum payable to Y shall be brought in by X and Z in such a way that their capitals should be in their new profit sharing ratio.

Prepare Revaluation A/c, Partners' Capital A / cs and Balance Sheet after Y's retirement.

Dr. Revaluation Account Cr

Particulars	Amount ₹	Particulars		Amount ₹
To Stock A/c	1,325	By Loss transferred to Capital		
To Furniture A/c	5,00	X	2,000	
To Provision for Doubtful Debt A/c	1,125	Y	2,000	
To Creditors A/c	3,050	Z	2,000	6,000
	6,000			**6,000**

Dr. Partner's Capital A/c Cr.

Particulars	X₹	Y₹	Z₹	Particulars	X₹	Y₹	Z₹
To Revaluation A/c	2,000	2,000	2,000	By Balance b/d	20,000	14,500	10,000
To Y's Capital A/c	3,500	-	500	By General Reserve	2,500	2,500	2,500
To Balance c/d	17,000	19,000	10,000	By X's Capital A/c	-	3,500	-
				By Z's Capital A/c	-	500	-
	22,500	**21,000**	**12,500**		**22,500**	**21,000**	**12,500**
To Cash	-	19,000	-	By Balance b/d	17,000	19,000	10,000
To Balance c/d	28,750	-	17,250	By Cash A/c	11,750	-	7,250
	28,750	**19,000**	**17,250**		**28,750**	**19,000**	**17,250**

Balance Sheet of X & Z

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors		21,290	Cash		16,240
X's Capital	28,750		Debtors	22,500	
Y's Capital	17,250	46,000	Less: Provision for D.D.	1,125	21,375
Stock		25,175			
Furniture		4,500			
		67,290			**67,290**

कार्यशील टिप्पणियाँ (Working Notes)

(i) फायदे का अनुपात = नया लाभ विभाजन अनुपात पुराना–लाभ विभाजन अनुपात

X : 5/8 – 1/3 = 7/24

Y : 3/8 – 1/3 = 1/24, अतः त्याग अनुपात 7 : 1

(ii) Y का ख्याति में हिस्सा ₹12000 x 1 / 3 = ₹ 4000 को X व Z को पूँजी खातों में उनके फायदे के अनुपात 7 : 1 में समायोजित किया गया हैं।

(iii) पूँजी का समायोजनः X,Y व Z की कुल समायोजित पूँजी 17000 + 19000 + 1000= ₹46000

नई फर्म की कुल पूँजी ₹ 46,000 (5 : 3) के अनुपात में X की ₹ 28,750 व Z की ₹ 17,250 होगी।

उदाहरण 18 : A, B और C एक फर्म में साझेदार हैं जो लाभ हानि को 3 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटते हैं। 31 मार्च 2017 को उनका स्थिति विवरण इस प्रकार हैं।

A, B and C are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Their Balance Sheet as at 31st March, 2017 is:

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors		30,000	Cash		16,240
Bills Payable		13,000	Debtors	25,000	
General Reserve		12,000	Less: Provision for D.D.	3,000	22,000
Workmen Compensation Reserve		9,000	Stock		18,000
Capital			Furniture		30,000
A	40,000		Machinery		63,000
B	40,000		Goodwill		12,000
C	30,000	1,10,000	Profit & Loss		3,000
		1,74,000			**1,74,000**

1. अप्रैल 2017 को B निम्न शर्तों पर अवकाश ग्रहण करता हैं–**(a)** संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन ₹1,000 से बढाना हैं। **(b)** रहतिए पर 10% तथा फर्नीचर पर 5% ह्रास लगाना हैं। **(c)** एक क्षति का दावा ₹1,100 का बकाया हैं जिसके लिए व्यवस्था करनी हैं। **(d)** लेनदारों को ₹6,000 से कम करना हैं। **(e)** फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹21,000 किया गया । **(f)** बकाया किराया ₹600। **(g)** B को पूर्ण भुगतान नकद में किया गया। यह राशि A और B के द्वारा इस प्रकार लायी गई कि नई फर्म में ₹10,000 रोकड शेष रहे तथा उनके पूँजी खातों का शेष उनके नए लाभ विभाजन अनुपात में हो जाए। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते और A तथा B का स्थिति विवरण बनाइए।

B retires on 1st April, 2017 on the following terms:-
(a) Provision for Doubtful Debts be raised by ₹1,000. **(b)** Stock to be depreciated by 10% and Furniture by 5%. **(c)** There is an outstanding claim of damages of ₹1,100 and it is to be provided for. **(d)** Creditors will be written back by ₹6,000. **(e)** Goodwill of the firm is valued at ₹21,000. **(f)** Outstanding Rent ₹600. **(g)** B is paid in full with the cash brought in by A and C in such a manner that their capitals are in proportrion to their profit sharing ratio and Cash in Hand remains at ₹10,000. Prepare the Revaluation A/c, Partners'Capital Accounts & the Balance Sheet of A and C.

हल: **Dr. Revaluation Account Cr**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To P.B.D. A/c	1,000	By Creditors A/c	6,000
To Stock A/c	1,800		
To Furniture A/c	1,500		
To Claim for Compensation	1,100		
To Outstanding Rent	600		
	6,000		**6,000**

Dr. Partner's Capital A/c. Cr.

Particulars	A₹	B₹	C₹	Particulars	A₹	B₹	C₹
To Goodwill	6,000	4,000	2,000	By Balance b/d	40,000	40,000	30,000
To P&L A/c	1,500	1,000	500	By General Reserve	6,000	4,000	2,000
To B's Capital	5250	-	1750	By Workmen Reserve	4,500	3,000	1,500
To Balance c/d	37,750	49,000	29,250	By A's Capital A/c	-	5,250	-
				By C's Capital A/c	-	1,750	-
	50,500	**54,000**	**33,500**		**50,500**	**54,000**	**33,500**
To Cash A/c	-	49,000	-	By Balance b/d	37,750	49,000	29,250

To Cash A/c b/f	-	-	1,250	By Cash A/c b/f	37,250	-	-
To Balance c/d	75,000	-	25,000				
	75,000	**49,000**	**29,250**		**75,000**	**49,000**	**29,250**

Balance Sheet
As on 31 March, 2017

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	24,000	Cash in Hand	10,000
Bills Payable	13,000	Debtors 25,000	
Outstanding Payable	600	Less: Provision for DD. 4,000	21,000
Claim for Compensation	1,100	Stock	16,200
Capital A/c's		Furniture	28,500
A 75,000		Machinery	63,000
C 25,000	1,00,000		
	1,38,700		**1,38,700**

कार्यशील टिप्पणियां: (1) B का ख्याति में हिस्सा 21000 X 2/6 = ₹7000 को A व C के फायदे के अनुपात 3:1 में समायोजित किया गया हैं।

(2) Dr. **Cash Account** **Cr.**

Particulars	Amount₹	Particulars	Amount ₹
To Balance b/d	26,000	By B's Capital A/c	49,000
To A's Capital A/c	37,250	By C's Capital	4,250
		By Balance c/d	10,000
	63,250		**63,250**

(3) नई फर्म की पूँजी की गणना: कुल समायोजित पूँजी व रोकड शेष जो रखना हैं – प्रा. रोकड शेष (37750+49000=9250)+10000 – 26000 = ₹ 100000 इसमें A व C का हिस्सा 3:1 में क्रमशः ₹75000 व ₹25000 होगा ।

उदाहरण **19 :** A, B व C, 5 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए साझेदार है। 31-3-2017 को उनका चिट्ठा इस प्रकार था।

A, B and C are partners sharing profits as 5 : 4 : 1. Their Balance Sheet as on March 31, 2017 was as follows :

Balance Sheet
As on March 31, 2017

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capital		Fixed Assets	1,00,000
A : 80,000		Investment	60,000
B : 70,000		Stock	10,000
C : 50,000	2,00,000	Debtors	60,000
Creditors	30,000	Cash in hand	50,000
Reserves	50,000	Goodwill	20,000
Provident Fund	20,000		
	3,00,000		**3,00,000**

उपरोक्त तिथि को C अवकाश ग्रहण करता है। और D लाभों में $\frac{1}{5}$ हिस्से के लिए प्रवेश करता है। इसके लिए निम्न बातों पर सहमति होती है।

1. फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹60000 पर किया गया। **2.** स्थायी सम्पतियों को 4% से ह्रासित करना है। **3.** स्टॉक को ₹18,000 पर मूल्यांकित किया गया। **4.** अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय रकम उसके ऋण

खाते में हस्तातरित कर दी जाये। **5.** नयी फर्म में A, B व D का लाभ विभाजन अनुपात 2 : 2 : 1 होगा। तथा फर्म की कुल पूँजी ₹2,00,000 होगी। पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते व नयी फर्म का चिट्ठा बनाइयें।

C retires on the above date and on the same date D is admitted with $\frac{1}{5}$ share in the profits. For this the following terms were agreed upon:

1. Goodwill of the firm is valued at ₹ 60,000. **2.** Fixed assets are depreciated by 4%. **3.** Stock is valued at ₹ 18,000. **4.** Amount due to the retiring partner shall be transeferred to his loan Account. **5.** The new firm of A, B and D will have the profit sharing ratio of 2 : 2 : 1 and its total capital will be ₹ 2,00,000.

Prepare Revaluation Account, Capital Accounts and Balance Sheet of the new firm.

हल: **Dr.** **Revaluation Account** **Cr.**

Particulars		Amount ₹	Particulars	Amount₹
To Fixed Assets A/c		4,000	By Stock A/c	8,000
To Profits transferred to				
A's Capital A/c	2,000			
B's Capital A/c	1,600			
C's Capital A/c	400	4,000		
		8,000		**8,000**

Dr. **Partner's Capital Account** **Cr.**

Particulars	A ₹	B ₹	C ₹	D ₹	Particulars	A ₹	B ₹	C ₹	D ₹
To Goodwill	10,000	8,000	2,000	-	By Balance b/d	80,000	70,000	50,000	
To C's Loan	-	-	59,400	-	By Reserves	25,000	20,000	5,000	
To Cash A/c (Bal. Figure)	23,000	3,600	-	-	By D's Current A/c	6,000	-	6,000	
To Balance c/d	80,000	80,000	-	40,000	By Revaluation	2,000	1,600	400	
					By Cash A/c	-	-	-	4,000
	1,13,000	**91,600**	**61,400**	**40,000**		**1,13,000**	**91,600**	**61,400**	**40,000**

Banlance Sheet the New Firm
As on 31 March, 2017

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capital A/c's			Fixed Assets	96,000
A	80,000		Investments	60,000
B	80,000		Stock	18,000
D	40,000	2,00,000	Debtors	60,000
C's Loan A/c		59,400	Cash	63,400
Provident Fund		20,000	D's Current A/c	12,000
Creditorss		30,000		
		3,09,400		**3,09,400**

कार्यशील टिप्पणियां (Working Notes)

1. ख्याति का व्यवहार : C का ख्याति में हिस्सा $60,000 \times \frac{1}{10}$ = ₹ 6,000, D का ख्याति में हिस्सा $60,000 \times \frac{1}{5}$ = ₹ 12,000, D के प्रवेश पर A का त्याग $\frac{5}{10} - \frac{2}{5} = \frac{1}{10}$ अत:उसे क्रेडिट करेगें $60,000 \times \frac{1}{10}$ = ₹ 6,000

D's Current A/c	Dr.	12,000	
To A's Capital A/c			6,000
To C's Capital A/c			6,000

2. D ख्याति की राशि नकद लेकर नहीं आ रहा है अतः प्रविष्टि चालू खाते के माध्यम से की गयी हैं।

3. रोकड शेष 50,000 + 40,000 – 23,000 – 3,600 = ₹ 63,400

उदाहरण 20. अजय, अक्षय व अभिषेक एक फर्म में साझेदार है जो 5 : 3 : 2 में लाभ विभाजन करते है। 31-3-2017 का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था।

Ajay, Akshay and Abhishek are partners they were sharing profits in ratio of 5 : 3 : 2. Balance Sheet as on 31 March, 2017 was as followings :

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	30,000	Cash at Bank	10,000
Workmen Compensation Reserve	10,000	Debtors 20,000	
Investment Fluctuation Reserve	3,000	Less : PBD 1,000	19,000
Bills Payable	3,000	Stock	6,000
Outstanding Expenses	2,000	Investment	12,000
Employees' Provident Fund	7,000	Leasehold Property	66,000
Reserve	10,000	Plant & Machinery	48,000
Capitals		Furniture	20,000
Ajay 60,000		Trade mark	3,000
Akshay 45,000		Patent	5,000
Abhishek 30,000	1,35,000	Profit & Loss Account (Dr.)	4,000
		Advertisement	2,000
		Goodwill	5,000
	2,00,000		**2,00,000**

अजय ने 31-3-2017 को अवकाश ग्रहण किया। अक्षय व अभिषेक ने भविष्य में लाभों को 2 : 3 के अनुपात में बांटना तय किया। अवकाश पर अन्य शर्ते निम्न प्रकार हैं– **(i)** ख्याति का मूल्यांकन ₹ 40,000 पर किया गया। **(ii)** अर्जित आय ₹ 1,500 का लेखा किया जाये। **(iii)** विनियोगों का बाजार मूल्य ₹ 8,000 है। **(iv)** ₹ 1,000 डूबत ऋण की वसूली हुयी है। **(v)** पट्टे की सम्पति 10% से अधिक मूल्यांकित है। (vi) संयंत्र व मशीन 20% से कम मूल्यांकित है। **(vii)** फर्नीचर को 15% से ह्रासित किया जाये। **(viii)** ट्रेडमार्क का मूल्य 20% कम करे। **(ix)** एकस्व का मूल्य 40% अधिक करे। **(x)** कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय के विरुद्व दायित्व ₹ 10,000 है। **(xi)** पूर्वदत बीमा ₹ 2,000 **(xii)** मरम्मत के बकाया बिल ₹ 2,000 **(xiii)** एक पुराना कम्प्यूटर जिसे ₹ 5,000 पर मूल्यांकित किया गया पुस्तकों में नहीं दिखाया गया है, उसे अजय ने ले लिया। **(xiv)** संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन की आवश्यकता नहीं है। **(xv)** लेनदारों के साथ एक पुराना विवाद निपटाया गया और फर्म को ₹ 10,000 देने होगें। इस उद्देश्य के लिए विविध लेनदारों में ₹ 6,000 पहले से शामिल किये गये है। **(xvi)** स्टॉक को ₹ 3,000 से कम करें। **(xvii)** नयी फर्म की पूँजी ₹ 80,000 होगी।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदार के पूँजी खाते व नयी फर्म का चिट्ठा बनाइये।

Ajay retired on 31-3-2017 and Akshay and Abhishek decided to share profits in future in the ratio of 2 : 3 respectively. The other terms on retirement were as follows; **(i)** Goodwill of the firm is to be valued at ₹ 40,000. **(ii)** Accrued income of ₹ 1,500 be provided for. **(iii)** The market value of investments was ₹ 8,000.**(iv)** Bad debts recovered ₹ 1,000. **(v)** Leasehold property over valued by 10% **(vi)** Plant & Machinery under valued by 20% **(vii)** Furniture is depreciated by 15% **(viii)** Trade mark valued at 20% less. **(ix)** Patent valued at 40% More. **(x)** Liability against Workmen Compensation is ₹ 10,000. **(xi)** Prepaid insurance ₹ 2,000. **(xii)** O/s bills for Repair ₹ 2,000 **(xiii)** There is an old computer valued at ₹ 5,000. It does not appear in the books. It is taken by Ajay. **(xiv)** Provision for doubtful debts is not required. **(xv)** A long dispute with the creditors was settled and firm has to pay ₹ 10,000. In anticipation ₹ 6,000 have already been included in sundry creditors for this purpose. **(xvi)** Stock is reduced by ₹ 3,000. **(xvii)** Capital of the firm, as newly constituted be fixed at ₹ 80,000.

Prepare Revaluation A/c, Partner's Capital A/cs and the Balance Sheet of the new firm.

हल **Dr.** **Revaluation Account** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Investment A/c	1,000	By Accrued Income	1,500
To Leasehold Property $\frac{66,000x10}{110}$	6,000	By Bad Debts recovered	1,000
To Furniture A/c	3,000	By Plant & Machinery A/c	
To Trade Mark A/c	600	48,000x$\frac{20}{80}$	12,000
To Outstanding bills for repairs	2,000	By Patent A/c	2,000
To Stock A/c	3,000	By Prepaid Insurance	2,000
To Creditors A/c	4,000	By old Computer	5,000
To Profits transferred to		By P.B.D A/c	1,000
Ajay's Capital A/c 2,450			
Akshay's Capital A/c 1,470			
Abhishek's Capital A/c 980	4,900		
	24,500		**24,500**

Dr. **Partner's Capital Account** **Cr.**

Particulars	Ajay ₹	Akshay₹	Abhishek₹	Particulars	Ajay ₹	Akshay₹	Abhishek₹
To P&L A/c	2,000	1,200	800	By Balance b/d	60,000	45,000	30,000
ToAdvertisement	1,000	600	400	By Reserve	5,000	3,000	2,000
To Goodwill	2,500	1,500	1,000	ByRevaluation	2,450	1,470	980
To Ajay's Capital	-	4,000	16,000	By Akshey's Cap.	4,000	-	-
To Computer	5,000	-	-	By Abhishek Cap.	16,000	-	-
To Ajay's Loan A/c	76,950	-	-				
To Balance c/d	-	42,170	14,780				
	87,450	**49,470**	**32,980**		**87,450**	**49,470**	**32,980**
To Bank A/c (b/f)	-	10,170	-	By Balance b/d	-	42,170	14,780
To Balance c/d	-	32,000	48,000	Bu Bank (Bal Fig)	-	-	33,220
	-	**42,170**	**48,000**		-	**42,170**	**48,000**

Balance Sheet Akshay&Abhishek
As on 31 December, 2016

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	34,000	Cash at Bank	34,050
Bills Payable	3,000	Debtors	20,000
Outstanding Expenses	2,000	Stock	3,000
Employee's Provident Fund	7,000	Investment	8,000
Outstanding bills For Repairs	2,000	Leasehold property	60,000
Liability from workmen	10,000	Plant & Machinery	60,000
compensation		Furniture	17,000
Ajay's Loan A/c	76,950	Trade Mark	2,400
Capital A/c's		Patent	7,000
Akshay 32,000		Accrued Income	1,500
Abhishek 48,000	80,000	Prepaid Insurance	2,000
	2,14,950		**2,14,950**

कार्यशील टिप्पणियाँ **(Working Notes) :- (1)** विनियोगों के बाजार मूल्य में हुई कमी ₹ 4,000 में से ₹ 3,000 निवेश उतार चढाव खाते से व शेष ₹ 1,000 पुर्नमूल्यांकन खाते से चार्ज किया गया है। **(2)** कर्मचारी क्षतिपूर्ति के

संबंध में दायित्व की पूर्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय से की गयी हैं। **(3)** ख्याति में अजय का हिस्सा $40,000 \times \frac{5}{10}$ = ₹ 20,000 को अक्षय व अभिषेक के खाते से फायदे के अनुपात 1 : 4 में समायोजित किया गया है।

फायदे का अनुपात = नया लाभ विभाजन अनुपात – पुराना लाभ विभाजन अनुपात

Akshay : $\frac{2}{5} - \frac{3}{10} = \frac{5}{20}$; Abhishek : $\frac{3}{5} - \frac{2}{10} = \frac{20}{50}$; त्याग अनुपात 1 : 4

(4) बैंक शेष 10,000 + 1,000 + 33,220 – 10,170 = ₹ 34,050

(5) सूचना के अभाव में अजय को देय रकम उसके ऋण खाते में हस्तातरित की गयी है।

निवृति की दशा में जीवन बीमा पॉलिसी का समायोजन
(Adjustment of Life Policies in Case of Retirement)

(क) यदि संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी सभी साझेदारों के जीवन पर ले रखी है तो निम्नांकित परिस्थितियां बनेगीः–

(अ) जब प्रीमियम को व्यापारिक खर्च माना जावेः – ऐसी दशा में निवृति के दिन पॉलिसी के समर्पण मूल्य (Surrender Value) की राशि सभी साझेदारों में लाभ विभाजन अनुपात में बांट दी जाती हैं। यदि शेष साझेदार समर्पण मूल्य की राशि से पॉलिसी खाता खुला रखना चाहते हो तो चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष पर इसे दिखाया जाएगा। परन्तु यदि बन्द करना हो तो शेष साझेदार नये अनुपात में यह राशि वहन करेंगे।

समर्पण मूल्यः समर्पण मूल्य से आशय उस मूल्य से हैं, जिसे फर्म बीमा कम्पनी से बीमा अवधि में समर्पित करने पर प्राप्त कर सकती हैं।

(1) समर्पण मूल्य की राशि का लेखा करने परः

Joint Life Policy A/c		Dr.	(निवृति के दिन समर्पण मूल्य)
	To All Partner's Capital A/c		(पुराने अनुपात में)
(Distribution of surrender value in old ratio)			

(2) यदि उक्त संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी खाते को बन्द करने की सूचना दी होः

Remaining Partner's Capital A/c		Dr.	(नये अनुपात में)
	To Joint Life Policy A/c		(निवृति के दिन समर्पण मूल्य)
(Joint life policy A/c closed by transferring into remaining partner's capital A/c)			

टिप्पणी : यदि किसी साझेदार के निवृत होने पर संयुक्त बीमा पॉलिसी वास्तव में ही समर्पित कर बीमा कम्पनी से धन राशि प्राप्त कर लेते हैं तोः **(क)** पहले राशि प्राप्त करने की निम्नांकित प्रविष्टि बनेगीः

Cash A/c		Dr.	(समर्पण मूल्य की प्राप्त राशि से)
	To Joint Life Policy A/c		
(Surrender Value Received)			

(ख) पॉलिसी की यह प्राप्त राशि बांटने परः

Joint Life Policy A/c		Dr.	(प्राप्त समर्पण मूल्य)
	To All Partner's Capital A/c		(पुराने अनुपात में)
(Distribution of surrender value received)			

(ब) जब प्रीमियम को पूँजीगत खर्च माना जावेः इस दशा मे पॉलिसी खाता समर्पण मूल्य पर ही पुस्तकों में दिखाया हुआ रहता हैं। अतः कोई पृथक प्रविष्टि नहीं बनेगी किंन्तु निवृति पर पॉलिसी का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है तो पुस्तक मूल्य व पुनर्मूल्यांकित मूल्य के अन्तर को पुनर्मूल्यांकन खाते के माध्यम से ही समायोजित करते हैं तथा चिट्ठे में पॉलिसी खाते को पुनर्मूल्यांकित मूल्य पर दिखाया जाएगा। इस प्रकार पुनर्मूल्यांकन प्रविष्टियों के साथ ही प्रविष्टि बनेगी। किन्तु अब शेष साझेदार पॉलिसी खाते को बंद करना चाहे तो निम्नलिखित प्रविष्टि से बंद कर दिया जाएगाः

Remaining Partner's Capital A/c		Dr.	(नये अनुपात में)
	To Joint life policy A/c		
(Joint life policy A/c closed by transferring it into remaining partner's Capital A/c)			

टिप्पणी : यदि बीमा पॉलिसी वास्तव में समर्पित कर नगद राशि निवृति के दिन प्राप्त कर लें तो निम्नांकित प्रविष्टियां बनेगी तथा पॉलिसी खाते में यदि कोई शेष है तो सभी साझेदारों को पुराने अनुपात में बांट देंगेः

1. समर्पण पर राशि प्राप्त करने पर : –

Cash A/c		Dr.	(प्राप्त समर्पण मूल्य)

To Joint life policy A/c

(Cash received on surrender of policy)

2. इस प्राप्त राशि को वितरित करने पर

Joint life policy A/c	Dr.	(शेष राशि यदि हो)	
To All Partner's Capital A/c		(पुराने अनुपात में)	

(Joint life policy A/c closed)

टिप्पणी : यदि पुस्तक में दिखाये गये मूल्य से कम राशि प्राप्त हो तो इसकी विपरीत प्रविष्टि भी बन सकेगी।

उदाहरण 21: ए, बी व सी 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बांटते हैं। सी के निवृत होने पर संयुक्त बीमा पॉलिसी का समर्पण मूल्य ₹ 90,000 आंका गया, पॉलिसी खाता भविष्य में पुस्तकों में नहीं दिखाना हैं तथा भविष्य में शेष साझेदार लाभ बराबर–बराबर बांटना तय करते हैं तो निम्नांकित दशाओग में प्रविष्टियां कीजिए यदि : (1) प्रीमियम को व्यापारिक खर्च माना जाए। (2) संयुक्त बीमा पॉलिसी खाता का उक्त समर्पण मूल्य से पुस्तकों में विद्यमान हैं।

हल : 1 **JOURNAL**

Date	Particulars	L. F.	Dr. Amount ₹	Cr. Amount ₹
Date of Retire-Ment	Joint Life Policy A/c Dr.		90,000	
	To A's Capital A/c			40,000
	To B's Capital A/c			30,000
	To C's Capital A/c			20,000
	(Joint Life Policy recorded on surrender value at the time of C's Retirement)			
Date Of Retire-Ment	A's Capital A/c Dr.		45,000	
	B's Capital A/c Dr.		45,000	
	To Joint Life Policy A/c			90,000
	(Being policy account closed)			

टिप्पणी: इस दशा में चाहे तो निम्नांकित एक प्रविष्टि भी बनाई जा सकती हैं : –

Date Of Retire-Ment	A's Capital A/c Dr.		5,000	
	B's Capital A/c Dr.		15,000	
	To C's Capital A/c			20,000
	(Share of C's in JLP charged to A & B in their gain ratio1 : 3)			

हल 2:

Date Of Retire-Ment	A's Capital A/c Dr.		45,000	
	B's Capital A/c Dr.		45,000	
	To Joint Life Policy A/c			90,000
	(Being policy account closed)			

उदाहरण 22 : ए, बी व सी 5 : 3 : 2 में लाभ बांटते हुए साझेदार हैं। सी के निवृत्त होने पर फर्म की पुस्तकों में संयुक्त बीमा पॉलिसी खाता चिटठे में ₹ 10,000 दिखाया हुआ है। इसी दिन फर्म पॉलिसी समर्पित करने का निश्चय करती हैं तथा बीमा कम्पनी से ₹ 12,000 प्राप्त करती हैं। आवश्यक प्रविष्टियां दीजिए।

हल:

Date	Particulars	L.F.	Dr. Amount ₹	Cr. Amount ₹
	Cash A/c Dr.		12,000	
	To Joint Life Policy A/c			12,000
	(Cash received at the time of surrender of policy			

	Joint Life Policy A/c Dr.		2,000	
	To A's Capital A/c			1,000
	To B's Capital A/c			600
	To C's Capital A/c			400
	(Balance of policy A/c distributed among the partners)			

मृत्यु की दशा में साझेदारों के जीवन पर बीमा पॉलिसी का समायोजन
(Life Insurance Policy on the Lives of Partners)

मृत्यु एक शाश्वत सत्य है जिसे टाला जाना असम्भव हैं। अतः फर्म प्रत्येक साझेदार के जीवन पर व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसी अथवा सभी साझेदारों के जीवन पर एक संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी ले सकती हैं। किसी भी साझेदार की मृत्यु होने पर फर्म को मृतक साझेदार के कानूनी उत्तराधिकारी को उसकी समायोजित पूँजी का भुगतान करना पड़ता हैं। साझेदारों के जीवन पर बीमा पॉलिसी लेने का उद्देश्य यह है कि किसी भी साझेदार की मृत्यु होने पर फर्म को बीमा कम्पनी से तरल कोष उपलब्ध हो सके जिससे मृतक साझेदार के उत्तराधिकारी को देय राशि का निपटारा करने में आसानी रहे। फर्म द्वारा साझेदारों के जीवन पर दो प्रकार की जीवन बीमा पॉलिसियाँ ली जा सकती हैं:

1. व्यक्तिगत अथवा पृथक जीवन बीमा पॉलिसी(Individual or Separate Life Policy) 2. संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी (Joint Life Policy)

1. व्यक्तिगत अथवा पृथक जीवन बीमा पॉलिसी (Individual or Separate Life Policy): इस स्थिति में फर्म प्रत्येक साझेदार के जीवन पर पृथक–पृथक पॉलिसी बीमा कम्पनी से लेती है अतः इसे व्यक्तिगत अथवा पृथक–पृथक जीवन बीमा पॉलिसी के नाम से जाना जाता है। प्रत्येक पॉलिसी पर देय प्रीमियम फर्म ही चुकाती है। फर्म द्वारा चुकाया गया प्रीमियम इस स्थिति में साधारणतया खर्चा ही माना जाता हैं। प्रत्येक साझेदार के जीवन पर ली गई पॉलिसी की राशि या तो परिपक्वता तिथि (Maturity Date) को अथवा किसी साझेदार की मृत्यु होने परफर्म को प्राप्त हो जाती हैं। फर्म द्वारा चुकाया गया प्रीमियम आयगत खर्चा माना जाता है अतः लेखा वर्ष के अन्त में इसे लाभ हानि खाते में अन्तरित कर दिया जाता हैं।

किसी भी साझेदार की मृत्यु हो जाने पर बीमा कम्पनी से प्राप्त मृतक साझेदार की पॉलिसी की राशि तथा देय जीवित साझेदारों की व्यक्तिगत पॉलिसियों के समर्पण मूल्य को जोडकर सभी साझेदारों में(मृतक साझेदार सहित)उनके लाभ विभाजन अनुपात में बांट दिया जाता हैं।

मृतक साझेदार को पॉलिसी की देय राशि की गणनाः

मृतक साझेदार की पॉलिसी से प्राप्त राशि	–
जोडियेः शेष जीवित साझेदारों की व्यक्तिगत पॉलिसियों का समर्पण मूल्य	–
कुल राशि	–

उक्त राशि में मृतक साझेदार का हिस्सा = कुल राशि x मृतक साझेदार का लाभ विभाजन अनुपात

व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसी का लेखांकन–

Journal Entries

Date	Particulars	L. F.	Dr. Amount ₹	Cr. Amount ₹
	1. प्रीमियम चुकाने पर Insurance Premium A/c Dr. To Cash / Bank A/c (Insurance premium paid)			
	2. प्रतिवर्ष प्रीमियम को लाभ – हानि खाते में अन्तरित करने पर Profit & Loss A/c Dr. To Insurance Premium A/c (Premium transferred to P & L A/c)			
	3. साझेदार की मृत्यु होने पर पॉलिसी की राशि देय होने पर			

	Insurance Company A/c Dr. To Life Policy of Deceased A/c (Policy amount due)				
	4. पॉलिसी की राशि प्राप्त होने पर Bank A/c Dr. To Life Policy of Deceased Partner A/c (Policy amount received)				
	5. मृतक साझेदारी की पॉलिसी + शेष जीवित साझेदारों को पॉलिसी का समर्पण मूल्य साझेदारों में बॉटने पर Life Policy of Deceased Partner A/c Dr. Life Policies of other Partners A/c Dr. To All Partners Capital A/c (Total amount of policy distributed in all the partners)				

वैकल्पिक विधि(Alternative Method):

जीवन बीमा पॉलिसी का प्रभाव यदि पुस्तकों में नहीं दर्शाना हैं तो मृतक साझेदार की पॉलिसी तथा शेष साझेदारों की पॉलिसियों की समर्पण मूल्य की जोड़ में से मृतक साझेदारों के हिस्से से शेष साझेदारों का पूँजी खाता फायदे अनुपात में डेबिट करके मृतक साझेदार का पूँजी खाता क्रेडिट किया जाता हैं। ऐसी स्थिति में जीवन बीमा पॉलिसी की समर्पण राशि पुस्तकों में नहीं दिखाईं जाती हैं।

Remaining Partner's Capital/ Current A/c Dr.
To Deceased Partner's Capital/Current A/c
(Deceased partners share in policy amount credited to his capital A/c)

उदाहरण 23 : अ, ब और स एक फर्म में 3:2:1 के अनुपात में लाभ हानि बांटते हुए साझेदार हैं।1अप्रैल2015 को फर्म ने सभी साझेदारों के नाम की तीन जीवन बीमा पॉलिसियाँ क्रमशः ₹ 80,000, ₹ 50,000, ₹ 60,000 की ली। प्रत्येक पॉलिसी पर क्रमशः ₹ 10,000, ₹ 6,000, ₹ 4,000 बीमा प्रीमियम चुकाया जाता है। बीमा प्रीमियम को लाभ हानि खाते से चार्ज किया जाता हैं। 1 जुलाई, 2017 को अ की मृत्यु हो गई तथा उसकी बीमा पॉलिसी की पूरी राशि 3 जुलाई को प्राप्त हो गई। उस तिथि को ब और स की पॉलिसी का समर्पण मूल्य क्रमशः ₹ 16,000 तथा ₹ 8,000 था जिसे पुस्तकों में दिखाना हैं। फर्म को पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टिया दीजिये तथा चिटठे में जीवन बीमा पॉलिसी दर्शाइए।

A, B and C sharing profit and losses of the firm in the ratio of 3:2:1 - The firm had taken three individual life policies for ₹ 80,000, ₹ 50,000 and ₹ 60,000 for the lives of A, B and C. The firm pays ₹ 10,000, ₹ 6,000 and ₹ 4,000 respectively on their policies as premium. The premium in charged to profit and loss A/c of the firm. A died on 1 July 2017 and the amount of his policy is received in full on 3 July. The surrender values of the policy of B and C on the date of death were ₹ 16,000 and ₹ 8,000 respectively which is to be shown in the books.

Pass Journal entries in the books of the firm and show the life policy in the Balance Sheet.

Journal

Date	Particulars	L.F.	Dr. Amount ₹	Cr. Amount ₹
April 2017	Insurance Premium A/c Dr. To Cash / Bank A/c (Insurance premium paid)		20,000	20,000
July 2017	Insurance Company A/c Dr. To Life Policy A/c (Policy amount due)		60,000	60,000
July 2017	Bank A/c Dr. To Insurance Company A/c		60,000	60,000

	(Policy amount received)			
July 2017	Life Policy A/c Dr. To A's Capital A/c To B's Capital A/c To C's Capital A/c (Policy amount and surrender value distributed among the partners)		84,000	 42,000 28,000 14,000

Balance Sheet of New Firm

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
		Life Policy	24,000

2. सभी साझेदारों के जीवन पर सँयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी (Joint Life InsurancePolicy on the lives of partners): फर्म द्वारा साझेदारों के जीवन पर पृथक–पृथक पॉलिसी के स्थान पर एक संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी भी ली जा सकती हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी साझेदार की मृत्यु होने पर जीवन बीमा पालिसी की पूरी राशि फर्म को प्राप्त हो जाती हैं, जिसे सभी साझेदारों में उनके लाभ विभाजन अनुपात में बांट दिया जाता हैं। संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी पर चुकाये जाने वाली प्रीमियम के सम्बन्ध में निम्न तीन स्थितियां हो सकती हैं:

(i) बीमा प्रीमियम को व्यापारिक व्यय मान कर लेखा।

(ii) बीमा प्रीमियम को विनियोग/पूँजीगत व्यय मान कर लेखा।

(iii) बीमा प्रीमियम को विनियोग मानना तथा उतनी राशि से संचय का निर्माण करना।

(i) बीमा प्रीमियम को व्यापरिक व्यय मान कर लेखा (Treating Premium as Trade Expenses): इस दशा में प्रविष्टियां होगी: –

Journal

Date	Particulars	L.F.	Dr. Amount ₹	Cr. Amount ₹
	1. प्रतिवर्ष प्रीमियम चुकाने पर Insurance Premium A/c Dr. To Cash / Bank A/c (Insurance Premium Paid)			
	2. प्रीमियम को लाभ–हानि खातें में अन्तरित करने पर Profit & Loss A/c Dr. To Insurance Premium A/c (Premium transferred to P & L A/c)			
	3. साझेदार की मृत्यु होने पर पॉलिसी की राशि देय होने पर Insurance Company A/c Dr. To Joint Life Policy A/c (Policy amount due)			
	4. पॉलिसी की राशि प्राप्त होने पर Bank A/c Dr. To Insurance Company (Policy amount received)			
	5. बीमा पॉलिसी की राशि सभी साझेदारों में बाँटने पर Joint Life Policy A/c Dr. To All Partner's Capital A/c (Policy amount distributed)			

नोट– साझेदार की मृत्यु पर Insurance Premium A/c में कोई शेष हैं, तो उसे Joint Life Policy Ac/c में स्थानान्तरित करना चाहिये।

